Epaper

www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

16 जनवरी 2026
हरदा, शुक्रवार
वर्ष-15, अंक - 223, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
माघ कृष्ण पक्ष - 13
विक्रम संवत् 2082

## एमपी में राजगढ़ सबसे ठंडा

**टेम्प्रेचर 5.5 डिग्री**

### इंदौर जिले में एक ही रात 3.4 डिग्री लुढ़का पारा

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्यप्रदेश में ठंड का असर फिर बढ़ गया है। बुधवार रात राजगढ़ प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री रहा। इंदौर में पारे में एक ही रात में 3.4 डिग्री की गिरावट हुई और यह 6.8 डिग्री पर आ गया। प्रदेश के सभी 5 बड़े शहर- इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में तापमान फिर से 10 डिग्री से नीचे आ गया है। बुधवार-गुरुवार की रात में भोपाल में 8 डिग्री, ग्वालियर में 7.4 डिग्री, उज्जैन में 9 डिग्री और जबलपुर में तापमान 9.8 डिग्री रहा। वहीं, रीवा में 6.2 डिग्री, दतिया में 6.6 डिग्री, पचमढ़ी में 6.8 डिग्री दर्ज किया गया। उमरिया, नौगांव, मंडला, खजुराहो, सतना, दमोह, सीधी, रायसेन, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, मलाजखंड और रतलाम में भी तापमान 10 डिग्री से कम रहा। सुबह ग्वालियर में घना कोहरा छाया रहा।




- **कल्याणपुर-करौंदी सबसे ठंडे, ग्वालियर में 7.1 डिग्री दर्ज**-प्रदेश के उत्तरी हिस्से में ठंड और कोहरे का असर है। मंगलवार-बुधवार की रात शहडोल के कल्याणपुर में 4.8 डिग्री और कटनी के करौंदी में 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा में 5.8 डिग्री, मंदसौर-चित्रकूट में 6.1 डिग्री, खजुराहो में 6.2 डिग्री, उमरिया में 6.8 डिग्री, दतिया-मंडला में 7 डिग्री, राजगढ़-नौगांव में 7.2 डिग्री, पचमढ़ी में 7.8 डिग्री, शिवपुरी में 8 डिग्री, दमोह-सीधी में 9 डिग्री, रायसेन-श्योपुर में 9.4 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री दर्ज किया गया।

## एमपी विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से

- 19 दिनों की है कार्य अवधि

**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर इंतजार खत्म हो गया है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद विधानसभा सचिवालय ने सत्र की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह महत्वपूर्ण सत्र 16 फरवरी 2026 से शुरू होकर 6 मार्च 2026 तक चलेगा। कुल 19 दिनों की इस अवधि के दौरान सदन की 14 बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें सरकार अपना आगामी वार्षिक बजट पेश करेगी। इस सत्र में विधायकों के वेतन भत्ते बढ़ाने का निर्णय ले सकते हैं। 16 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत होगी। इसके बाद सरकार द्वारा अनुपूरक बजट और मुख्य बजट के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण विधायी विधेयक सदन की मेज पर रखे जाएंगे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि विपक्ष ने भी कानून-व्यवस्था, एंबुलेंस सेवाओं की बदहाली और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। ऐसे में 19 दिनों का यह सत्र काफी गहमागहमी भरा रहने की उम्मीद है।



## मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहनाओं के खातों में डालेंगे 32वीं किश्त

- 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में आएंगे 1836 करोड़
- माखन नगर में होगा लाड़ली बहना का राज्य स्तरीय सम्मेलन

**अनोखा तीर, माखन नगर।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बाबई में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की बहनों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे। प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 से की गई थी। योजना के अंतर्गत माह नवंबर 2025 से राशि में 250 रुपये की वृद्धि की गई है। अब पात्र हितग्राही महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना में जून 2023 से दिसंबर 2025 तक मासिक आर्थिक सहायता की 31 किश्तों का नियमित रूप से अंतरण किया जा चुका है। जनवरी 2026 में योजना की 32वीं किश्त का लाड़ली बहनों के खातों में अंतरण किया जाएगा। योजना अंतर्गत अब तक जून 2023 से दिसंबर 2025 की अवधि में कुल 48 हजार 632 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि हितग्राही महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है। जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 के दौरान 38 हजार 635 करोड़ 89 लाख रुपये का अंतरण किया गया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान सुनिश्चित किया गया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग वाहन भिड़े, 5 की मौत

- सभी मृतक एक ही परिवार के, अंतिम क्रिया के लिए नर्मदापुरम जा रहे थे

**अनोखा तीर, भोपाल।**

भोपाल में ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 12 घायल हुए हैं। हादसा बैरसिया थाना इलाके में बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे हुआ। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। टीआई वीरेंद्र सेन ने बताया कि सिरोंज के एक ही परिवार के 15 लोग लोडिंग वाहन में थे। इनमें से



पांच की मौत हो गई है। नौ घायल हुए हैं। ट्रैक्टर सवार 3 लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को बैरसिया शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोडिंग वाहन में सवार परिवार किसी परिजन की अंतिम क्रिया के लिए नर्मदापुरम जा रहा था। जैसे ही उनका वाहन बैरसिया थाना इलाके में ठाकुर लाल सिंह स्कूल के पास पहुंचा, सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। इसमें लोडिंग वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार कई लोग अंदर ही फंस गए। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा, एएसपी नीरज चौरसिया और बैरसिया टीआई वीरेंद्र सेन समेत विधायक विष्णु खत्री अस्पताल पहुंचे। घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए। एसडीएम शर्मा ने कहा- शुरुआती जांच में तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

- एआई कॉन्फ्रेंस में सीएम ने बताए बुद्धि के तीन प्रकार

## यंत्र, मंत्र, तंत्र में दुनिया उलझी, इन पर षड्यंत्र भारी है

**अनोखा तीर, भोपाल।**

राजधानी भोपाल के होटल ताज में आयोजित रीजनल AI इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय परंपरा, दर्शन और आधुनिक तकनीक को जोड़ते हुए कहा कि दुनिया आज मंत्र, यंत्र और तंत्र में उलझी है, लेकिन इन सबसे भारी एक और तंत्र है-षड्यंत्र। उन्होंने चेताया कि AI और तकनीकी प्रगति के बीच इतना सूक्ष्म अंतर करना होगा कि विकास की दौड़ में मानव की मूल प्रकृति नष्ट न हो। मुख्यमंत्री ने तिरुपति बालाजी दर्शन की लंबी कतार का किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक नवदंपति में पति 'गोविंदा-गोविंदा' बोल रहा था, जबकि पत्नी कह रही थी-'आगे वाला बोले वही सही है।' कारण बताते हुए सीएम ने मुस्कराकर कहा-'हमारे यहां पत्नी पति का नाम नहीं लेती, पति का नाम गोविंदा था।' इसी से जोड़ते हुए उन्होंने मंच पर पहले हुए प्रभावी भाषणों का जिक्र किया और कहा-'मुझे भी लग रहा है कि आगे वाला जो बोले वही सही है।'




- **मध्य प्रदेश ज्ञान और साधना की भूमि है**- मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश ज्ञान और साधना की भूमि है। भगवान कृष्ण के ज्ञानार्जन का केंद्र सांदीपनि आश्रम यहीं है और शंकराचार्य जी का ध्यान-केंद्र ओंकारेश्वर भी मप्र में स्थित है। उन्होंने कहा, 'अगर हम बुद्धि और विवेक में अंतर करने लगें तो AI और ऐप को भी पसीना आ जाएगा। डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि संसाधनों के बल पर जो बेहतर हो सकता है, वह जनकल्याण के उदाहरणों से सामने आता है।'
- **एआई नीति, मिशन और सेक्टरल संभावनाएं**- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश AI नीति लाने जा रहा है और AI मिशन पर भी काम करेगा। उन्होंने बताया कि स्पेसटेक पॉलिसी हाल ही में लाई गई है। माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में AI की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ आबादी वाले राज्य में अपार संभावनाएं हैं। मप्र संभावनाओं से भरा राज्य है और आप सबकी मदद से हम आगे बढ़ रहे हैं।
- **एआई से नौकरियां नहीं जाएंगी, रोल बदलेंगे**- मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए AI जरूरी है। AI से एफिशिएंसी और ग्रोथ बढ़ेगी। कंप्यूटर आने पर भी नौकरियां जाने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि असली चुनौती स्किलिंग और रिस्किलिंग की है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक 49 करोड़ श्रमिकों पर विशेष ध्यान देना होगा।

### बुद्धि के तीन प्रकार और 'षड्यंत्र' का दौर

सीएम ने बुद्धि के तीन प्रकार गिनाए-मांत्रिक बुद्धि, यांत्रिक बुद्धि और तांत्रिक बुद्धि। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मंत्र-यंत्र-तंत्र में उलझी है, लेकिन इन सबसे भारी एक और तंत्र है-षड्यंत्र। मौजूदा दौर में भावनात्मक, रचनात्मक और प्रतिक्रियात्मक हर तरह की व्यवस्थाओं में बारीक अंतर करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में हमारी मूल प्रकृति नष्ट न हो।

## मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे से 8 हादसे

**अनोखा तीर, इंदौर।**

मकर संक्रांति पर इंदौर और उज्जैन में चाइनीज मांझे से हादसों के 8 मामले सामने आ चुके हैं। हादसों में किसी का गला कट गया तो किसी के पैर में गंभीर चोट आई। हालांकि पतंगबाजी के इस सीजन में पिछले डेढ़ महीने में अकेले इंदौर में 13 हादसे हो चुके हैं।

इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। चाइनीज मांझे से हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। 12 जनवरी 2026 को हुई सुनवाई में इंदौर हाईकोर्ट ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद लगातार जानलेवा घटनाओं का होना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई जरूरी है। इस मामले में हाईकोर्ट ने 14 जिलों की रिपोर्ट तलब की है। अगली सुनवाई शुक्रवार (16 जनवरी) को होगी।



**रिश्तेदार के यहां जा रहे बाइक सवार का गला कटा**- इंदौर में संक्रांति के दिन 14 जनवरी बुधवार को 4 हादसे हुए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा।

## माफिया से डरे नायब तहसीलदार बोले-मेरी रेकी करवा रहे

- कहा-वो बोलेरो-स्कॉर्पियो से पीछा करते हैं, मैं तनाव में काम नहीं कर पा रहा

**शहडोल (एजेंसी)।** 'रेत माफिया के हमले के बाद अज्ञात लोग मेरी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। काली फिल्म लगी बोलेरो और स्कॉर्पियो मेरी गाड़ी का पीछा करती है। इस कारण मानसिक तनाव में हूं।' यह पीड़ा उस नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी की है, जिन पर 5 जनवरी को शहडोल के ब्यौहारी क्षेत्र में रेत माफिया ने हमला कर जान से मारने की कोशिश की थी। बीच सड़क पर बाइक अड़ाकर वाहन भी रोक लिया था।

घटना के 10 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं सकी है। उनके पास तहसीलदार का प्रभार भी है। घटना बाद से अफसर दहशत में हैं। सोमवार को भी नायब तहसीलदार ने दो घंटे तक कलेक्टर केदार सिंह से मुलाकात की थी। कलेक्टर रोजाना सुबह-शाम आधे-आधे घंटे बात कर काउंसिलिंग कर रहे हैं। घटना वाले दिन के दो वीडियो भी सामने आए हैं। वीडियो में रेत माफिया बाइक अड़ाकर रोकते हुए दिख रहा है। दूसरे वीडियो में लकड़ी लेकर अफसर को मारने के लिए दौड़ते दिख रहा है। शनि द्विवेदी रीवा के छोटे से गांव चांद सिरमौर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल ही पोस्टिंग हुई है। पहले पिताजी की जगह अनुकंपा नियुक्ति मिली थी।

फिर दिन-रात पढ़ाई कर एमपी पीएससी क्लीयर कर इस मुकाम पर पहुंचा। सोचा था, ईमानदारी से अच्छा काम करूंगा।

- **ट्रैक्टर की स्पीड इतनी तेज कि पीछा नहीं कर सके**-हमारा ड्राइवर गाड़ी रिवर्स कर रोड पर लाया और फिर से रेत माफिया का पीछा शुरू कर दिया। पटवारी से वीडियो बनाने को कहा। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार एक शख्स फावड़ा लेकर ट्रॉली में पीछे की तरफ आया। मुझे लगा कि कहीं ये कुछ फेंक कर न मार दे, लेकिन उसने फावड़े की मदद से ट्रॉली की डाला खोल दिया। ट्रॉली से रेत गिरना शुरू हो गई। चालक जिग-जैग स्टाइल में ट्रैक्टर चलाने लगा, तभी पटवारी ने मुझसे पुलिस को फोन करने के लिए पूछा, मैंने हां कह दिया। सिंगल रोड पर ट्रैक्टर की स्पीड इतनी तेज थी कि पीछा नहीं कर सके।




## नाले के जहरीले पानी से सब्जी की खेती पर पारा 'हाई'

- एमपी हाईकोर्ट की सख्ती, प्रशासन को दिए कई बड़े निर्देश

**अनोखा तीर, जबलपुर।**



मप्र हाईकोर्ट ने नाले के गंदे और जहरीले पानी से सब्जी उगाए जाने के मामले की संज्ञान याचिका पर सुनवाई की है। सुनवाई के दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की तरफ से जांच रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि शहर के लगभग सभी नालों के पानी में भारी मात्रा में सीवेज मिलता है, जिस कारण वह अत्यंत दूषित है। यह पानी पीने, निस्तार और सिंचाई के लिए पूर्णतः अनुपयोगी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सरकार को कहा कि प्रदूषण बोर्ड के सुझावों पर तत्काल अमल करते हुए रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए हैं।

याचिका पर अगली सुनवाई 2 फरवरी को नियत की गई है। गौरतलब है कि नाले के दूषित पानी से सब्जी की खेती किये जाने के संबंध में विधि छात्र ने हाईकोर्ट को पत्र लिखा था। हाईकोर्ट के द्वारा पत्र की सुनवाई जनहित याचिका के रूप की जा रही है। हाईकोर्ट ने पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल नाले की पानी की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए थे।

याचिका की सुनवाई के दौरान बुधवार को पेश की गयी रिपोर्ट में बताया गया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर कृषि अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और प्रदूषण बोर्ड की संयुक्त टीम ने 23 नवंबर 2025 को ओमती नाला, मोती नाला, खूनी नाला, उदरना नाला सहित अन्य नालों से पानी का सैंपल लेकर जांच की थी। जांच के बाद इनके पानी में बीओडी, टोटल कोलीफॉर्म या फेकल कोलीफॉर्म की मात्रा निर्धारित मानक सीमा से अधिक है। नमूना रिपोर्ट और जांच से स्पष्ट है कि यह अनुपचारित सीवर का जल है जो पीने, नहाने या खेती सहित किसी भी अन्य उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं है।

### ट्रीटमेंट के बाद नर्मदा और हिरन नदी में मिलाया जाता

याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि जबलपुर में 174 मेगा लीटर प्रतिदिन वेस्ट वॉटर नालों में जाता है, जिसमें से नगर निगम द्वारा 13 सीवेज प्लांट्स के जरिए केवल 58 मेगा लीटर प्रतिदिन पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है। यह पानी नर्मदा और हिरन नदी में मिलाया जाता है। प्लांट्स की कुल क्षमता 154.38 मेगा लीटर प्रतिदिन की है। इसके लिए समय-समय पर करोड़ों रुपए की राशि का आवंटन भी किया गया है। हाल ही में नगर निगम जबलपुर को अमृत 2.0 सीवर योजना अंतर्गत 1202.38 करोड़ राशि स्वीकृत हुई है। डेमोक्रेटिक लॉयर फोरम की ओर से रविंद्र गुप्ता द्वारा आवेदन पेश करते हुए बताया गया कि साफ और बिना संक्रमित पानी पीने लायक घरों में सप्लाई करने हेतु नगर निगम सक्षम नहीं है। इसलिए संपूर्ण मामले पर सही कार्रवाई हेतु एक मॉनिटरिंग कमेटी का गठन सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में की जाए।

# जम्मू-कश्मीर को दो अलग राज्य बनाने की मांग

- सज्जाद लोन बोले-सौहार्द्रपूर्ण अलगाव पर विचार का समय

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने जम्मू और कश्मीर को दो अलग राज्यों में बांटने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अब दोनों क्षेत्रों के बीच सौहार्द्रपूर्ण अलगाव पर गंभीरता से विचार करने का समय आ गया है। लोन ने कहा कि कश्मीर ऐसे क्षेत्रीय रवैये को बर्दाश्त नहीं कर सकता, जो लगातार कश्मीरियों को बदनाम करता रहा। देश के बाकी हिस्सों में यह धारणा फैलाए कि जम्मू देश के साथ है और कश्मीर आतंकवाद का क्षेत्र है। जम्मू-कश्मीर के



पूर्व मंत्री सज्जाद लोन ने यह बातें बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं। कुछ दिन पहले भाजपा के जम्मू नॉर्थ से विधायक श्याम लाल शर्मा ने जम्मू को अलग राज्य बनाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि जम्मू अब कश्मीर का बोझ नहीं उठा सकता। लोन ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से कश्मीर के बडगाम में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने का चुनावी वादा पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद की गरिमा यही है कि किए गए वादे को निभाया जाए और यूनिवर्सिटी बडगाम में ही रहे।

# एक्टर विजय को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका

## फिल्म 'जन नायकन' को लेकर दिया हाईकोर्ट जाने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभिनेता से नेता बने विजय अपनी आखिरी फिल्म जन नायकन को लेकर चर्चा में हैं। मद्रास हाईकोर्ट से निराशा हाथ लगने के बाद फिल्म के मेकर्स ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मगर, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए मेकर्स को हाईकोर्ट जाने का आदेश दिया है। जन नायकन के मेकर्स ने सुप्रीम कोर्ट से सुनवाई की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई मद्रास हाईकोर्ट में ही जारी रखने का आदेश दिया है। ये



फिल्म 9 जनवरी को रिलीज होनी थी, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी न मिलने के कारण फिल्म की रिलीजिंग आगे बढ़ा दी गई है। फिल्म के मेकर्स की याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मद्रास हाईकोर्ट 20 जनवरी को मामले पर सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के मेकर्स को फटकार लगाते हुए कहा, हम इस मामले पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट में मेकर्स का पक्ष रखते हुए एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा, फिल्म 9 जनवरी को रिलीज होने वाली थी। हमें पूरे भारत में 5000 थियेटर्स मिले थे।

# अमेरिका की धमकी के बाद शिया देश का सरेंडर

- पीछे हटा ईरान, विदेश मंत्री बोले-कोई फांसी नहीं
- ट्रम्प का दावा-प्रदर्शनकारियों की हत्याएं अब रुकीं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकियों के बाद ईरान प्रदर्शनकारियों को फांसी देने के फैसले से पीछे हट गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने बुधवार को कहा कि ईरान की ओर से लोगों को फांसी देने की कोई योजना नहीं है। विदेश मंत्री ने फॉक्स न्यूज के स्पेशल रिपोर्ट विद ब्रेट बेयर कार्यक्रम में दिए एक इंटरव्यू में कहा, फांसी देने की कोई योजना नहीं है। फांसी का तो सवाल ही नहीं उठता। वहीं, बुधवार को ट्रम्प ने भी बताया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों की हत्याएं रुक गई हैं। इससे पहले ईरान सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर तेज ट्रायल और जल्दी से



फांसी देने का ऐलान किया था। ईरान बुधवार को 26 साल के प्रदर्शनकारी इरफान सुलतानी को फांसी देने वाला था। इस फैसले के बाद ट्रम्प ने ईरान को कड़ा जवाब देने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा ,अगर वे फांसी देते हैं, तो आप कुछ भयानक देखेंगे। ईरान ने सरकारी टीवी चैनल पर राष्ट्रपति ट्रम्प को जान से मारने की धमकी जारी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक धमकी पर्शियन में थी। इस धमकी में पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में टम्प पर हुए जानलेवा हमले की फुटेज दिखाई गई। जिसके साथ एक संदेश था इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी। यह ट्रम्प के खिलाफ तेहरान की अब तक की सबसे सीधी धमकी है, इससे पहले ट्रम्प ने ही बार-बार ईरान सरकार को धमकी दी है कि अगर वह कार्रवाई जारी रखता है तो अमेरिका उस पर हमला करेगा।

## ट्रम्प बोले-

### प्रिंस रजा पहलवी अच्छे लगते हैं

ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरानी विपक्षी नेता रजा पहलवी उन्हें काफी अच्छे लगते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अनिश्चितता जताई कि उन्हें ईरान के भीतर समर्थन मिल पाएगा और वे नेतृत्व संभाल पाएंगे। रॉयटर्स के अनुसार, ट्रम्प ने कहा, मुझे नहीं पता कि वे अपने देश में कैसे व्यवहार करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति अभी उस स्तर तक नहीं पहुंची है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ईरानी पहलवी के नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं, लेकिन उन्होंने कहा,अगर वे स्वीकार करते हैं, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। अमेरिका के साथ व्यापक विरोध प्रदर्शनों और तनाव के बीच ईरान ने 2 घंटे के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था।

## आई-पैक रेड मामला

# ईडी अफसरों पर दर्ज FIR पर 'सुप्रीम' रोक

- ममता सरकार को नोटिस,कहा-एजेंसी के काम में रुकावट न डालें
- यह गंभीर मामला, हम दखल नहीं देंगे तो अराजकता फैल जाएगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आई-पैक रेड मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार से दो हफ्तों के भीतर जवाब मांगा और कहा कि केंद्रीय एजेंसी के आरोप गंभीर है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा कि सरकार ईडी के काम में दखल न डालें। एजेंसी को अपना काम करने दें। कोर्ट ने 3 फरवरी को अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर भी रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं, जिनका जवाब नहीं मिला तो अराजकता फैल सकती है। अगर एजेंसियांईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, तो क्या उन्हें राजनीति करके रोका जा सकता है।

- **हाईकोर्ट को जंतर-मंतर बना दिया गया-** ईडी की तरफ से बहस करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 9 जनवरी को कोलकात्ता हाईकोर्ट को भी भीड़तंत्र का शिकार बनाया गया। हाईकोर्ट में वैसे वकीलों की भीड़ इकट्ठा की गई जिनका केस से कोई संबंध नहीं था। जिसके कारण न्यायाधीश को सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने पूछा कि क्या उच्च न्यायालय को जंतर-मंतर में परिवर्तित कर दिया गया था।

# रांची ईडी ऑफिस में जांच करने पहुंची झारखंड पुलिस

- अधिकारियों पर पूछताछ के नाम पर मारपीट का है आरोप

**रांची (एजेंसी)।** रांची के ईडी ऑफिस में झारखंड पुलिस जांच करने के लिए पहुंची है। दरअसल, ईडी के दो अफसरों पर एक व्यक्ति ने पूछताछ के नाम पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। ईडी




दफ्तर में सदर एडीओपी और एयरपोर्ट थाना के प्रभारी मौजूद हैं। वहीं ईडी ने सुरक्षा के लिहाज से सेंट्रल पुलिस फोर्सेस को बुलाया है। रांची पुलिस की ओर से अब भी जांच चल ही रही है। रांची के चुटिया के संतोष कुमार ने प्रवर्तन निदेशालय के दो अधिकारियों पर मारपीट, जानलेवा हमला, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर की।

# यूपी में कोहरा,4 हादसे,आठ गाड़ियां टकराईं, एक की मौत

- शिमला-जम्मू से ज्यादा ठंड, पारा 3 डिग्री,अभी और बिगड़ेगा मौसम

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में कड़ाके की ठंड जारी है। बर्फीली हवाओं की वजह से रात का तापमान शिमला (7 डिग्री) और जम्मू (4.4) से भी नीचे पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे प्रदेश में तापमान 10 से नीचे रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान हरदोई सबसे ठंडा रहा, यहां पारा 3 रिकॉर्ड किया गया।

रायबरेली में पारा 3.4, बरेली में 3.5 और कानपुर नगर में 3.8 और अलीगढ़ में 4 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने 18 जनवरी से बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुरुवार सुबह आगरा, बरेली, गाजियाबाद, गोंडा, हाथरस, संभल समेत 30 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम हो गई। कोहरे के चलते 4 भीषण हादसों में एक की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए। पहला हादसा मेरठ में




हुआ। यहां देर रात दो कारें टकरा गईं। हादसे में कार ड्राइवर को चोटें आईं। दूसरा- संभल में गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक जा घुसी। बाइक सवार की मौत हो गई। तीसरा- कुशीनगर में 3 ट्रक आपस में भिड़ गए। चौथा- बिजनौर में बस सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इस दौरान 6 यात्री घायल हो गए। गोरखपुर, लखनऊ समेत 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट चल रही हैं। वंदे भारत जैसी ट्रेनें भी तय समय से देरी से चल रही हैं। हवाई सफर पर भी कम विजिबिलिटी का असर पड़ा। करीब 10 फ्लाइट्स तय समय से देरी से उड़ीं।

# हैदराबाद के मंदिर में तोड़फोड़ के बाद जमकर मचा बवाल

## पथराव,आगजनी में 10 पुलिसवाले घायल,भारी फोर्स तैनात

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से बड़ी खबर सामने आई है। यहां हैदराबाद के पुरानापुल दरवाजे पर देर रात उस समय तनाव का माहौल छा गया जब अज्ञात लोगों ने एक मंदिर में तोड़फोड़ की। अज्ञात लोगों के मंदिर में तोड़फोड़ की खबर फैली तो स्थानीय लोगों में चिंता फैल गई और घटनास्थल के पास भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने इलाके में जमकर हंगामा किया। पथराव हुआ और कई वाहनों को आग लगा दी गई। इस हिंसा में दस से ज्यादा पुलिसवाले घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि तोड़फोड़ की घटना देर शाम को देखी गई, जिसके बाद अधिकारियों को सूचित किया गया। जल्द



ही, स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और घटना पर अपना गुस्सा जाहिर किया। पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रण में किया। सूचना पाकर असदुद्दीन ओवैसी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मंदिर में तोड़फोड़ से गुस्साई भीड़ ने नारे लगाए। जिससे तनाव बढ़ गया। उन्होंने पास के एक अन्य समुदाय के धार्मिक स्थल पर हमला किया और कब्रों में तोड़फोड़ की। धार्मिक झंडे को भी नुकसान पहुंचाया।

# कुछ सालों में 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज

## पीएम बोले-

- आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था
- 28वें सीएसपीओसी का उद्घाटन

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकले हैं। पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में एआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का



चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफीसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा। भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि वह आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचे। हम लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव से काम कर रहे हैं।

## भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है

जब भारत आजाद हुआ तब उस दौर में आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा लेकिन भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया संकट का सामना कर रही थी, भारत भी कई चुनौतियों का सामना कर रहा था। इसके बावजूद उन कठिन परिस्थितियों में भी भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारे सिद्धांत को दर्शाता है- 'पहले लोग, पहले मानवता।' आप जिस स्थान पर बैठे हैं, वह भारत के लोकतांत्रिक सफर का महत्वपूर्ण स्थल है। स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठकें हुई थीं। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी हॉल में लिए गए।

# आर्मी का रॉकेट-मिसाइल फोर्स बनाने पर जोर

- जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा-ईरान बन सकता है नजीर
- जनरल ने कहा-इससे अमेरिका-इजरायल भी कांपते हैं!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभी दुनिया भर में जितने भी संघर्ष हो रहे हैं, उसने एक बात तो साफ कर दिया है कि अब परंपरागत युद्ध के दिन बीत चुके हैं। आज बात सिर्फ मॉडर्न वॉरफेयर, नॉन-कॉन्टैक्ट वॉरफेयर की हो रही है। भारत तो खुद ही ऑपरेशन सिंदूर में इसे आजामा चुका है, जिसके आगे पाकिस्तान के अमेरिकी और चीनी हथियार घुटने टेक चुके हैं लेकिन, भारतीय सेना इतने भर से संतुष्ट नहीं है। हम पूरे साल दो मोर्चों पर अपने चीन-पाकिस्तान जैसे दुश्मन पड़ोसियों के खतरे का सामना करते हैं। इसी को देखते हुए, भारत रॉकेट-मिसाइल फोर्स गठित करने की सोच रहा है।





क्योंकि, इस मामले में चीन हमसे बहुत आगे है तो पाकिस्तान ने भी ऐसी मिलिट्री यूनिट बना ली है।

**रॉकेट-मिसाइल फोर्स समय की जरूरत-** भारत 15 जनवरी, 2026 को हर साल की तरह सेना दिवस मना रहा है। इसी मौके पर हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवदी ने भी इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा आवश्यकताएं ऐसी स्पेशलाइज्ड मिलिट्री यूनिट की ओर देखने को कह रही हैं, जिसमें एक कमांड के भीतर लंबी दूरी के रॉकेट और मिसाइल तैनात हों।

- **अभी अलग-अलग यूनिट संभालते हैं-** अभी भारत के मिसाइल और रॉकेट भंडार को आर्मी एयर डिफेंस कोर और आर्टिलरी रेजिमेंट संभालते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत ने अपनी लंबी-दूरी की मारक क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिशों पर पूरा जोर दे रखा है। आर्मी चीफ का कहना है कि नए जमाने के जंग में रॉकेट और मिसाइल एक-दूसरे पर निर्भर हो गए हैं।

## ईरान के पास ताकतवर रॉकेट-मिसाइल फोर्स

भारत रॉकेट-मिसाइल फोर्स बनाना चाहता है तो उसे ईरान से सीखने के लिए बहुत कुछ मिल सकता है। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर एयरोस्पेस फोर्स इसके अत्याधुनिक मिसाइलों के भंडारन और संचालन की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके एयरफोर्स के समानांतर काम करती है। ईरान की मिसाइल यूनिट के पास बैल्स्टिक, हाइपरसोनिक और क्रूज मिसाइलों का बड़ा जखीरा है। यह यूनिट लड़ाकू ड्रोन का संचालन भी देखती है।





## सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



**अनोखा तीर, हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रन्हाईकला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र की साफसफाई, बिजली एवं पानी की समस्या की जानकारी ली। संस्था के कार्यो एवं रिकार्ड का सत्यापन किया तथा संस्था में पर्याप्त दवाईयाँ एवं अन्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होने दवाईयों एवं सामग्री की आपूर्ति के लिए समय पर इंडेन्ट करने के निर्देश दिए। उन्होने चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर एवं पेरामेडिकल स्टाफ को नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होने संस्था प्रभारी को स्वास्थ्य केन्द्र के सामने साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवम छापरे, डॉ. तृप्ती खत्री, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश वर्मा, फार्मासिस्ट अंकीता जाट, लेब टेक्नीशियन सोनू चौहान, नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती आरती नामदेव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### वार्षिकोत्सवः भारत दर्शन अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

**अनोखा तीर, हरदा।** लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, हरदा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत 14 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित दस दिवसीय वार्षिकोत्सव भारत दर्शन का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में खेल प्रशिक्षक राजेश बिलिया एवं सलमा खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को विभागवार रेड हाउस, ग्रीन



हाउस, ऑरेंज हाउस एवं ब्लू हाउस में विभाजित कर विभिन्न खेल, कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस हाउसवार महिला एवं पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। दोनों वर्गों में ग्रीन हाउस विजेता एवं ऑरेंज हाउस उपविजेता रहा। इस प्रकार प्रथम दिवस में ग्रीन हाउस एवं ऑरेंज हाउस का दबदबा देखने को मिला। द्वितीय दिवस 15 जनवरी को जिला खेल अधिकारी रामनिवास जाट के आतिथ्य में पुरुष एवं महिला हैंडबॉल तथा महिला वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महिला हैंडबॉल में ब्लू हाउस विजेता एवं रेड हाउस उपविजेता रहा, जबकि पुरुष हैंडबॉल में रेड हाउस विजेता एवं ब्लू हाउस उपविजेता रहा। रस्साकशी महिला वर्ग में रेड हाउस विजेता एवं ऑरेंज हाउस उपविजेता रहा। दोनों ही दिनों में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव खरे, कार्यकारी निदेशिका डॉ. क्षमा खरे सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अजाक्स की प्रांतीय सचिव बनी सीमा निराला

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ में सीमा निराला को प्रांतीय सचिव मनोनीत किया गया है। आजक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मसकोले ने बताया कि 23 नवम्बर 25 को जयंती मैदान, भोपाल में मध्यप्रदेश की विधिवत साधारण सभा का आयोजन किया गया था। इसमें प्रदेश, संभाग एवं समस्त जिलों से



निर्वाचित एवं नामांकित पदाधिकारियों तथा सदस्यों की व्यापक उपस्थिति रही। साधारण सभा को प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत सर्वसम्मति से विचार-विमर्श उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। आजक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) द्वारा हरदा जिले से सीमा निराला, जो पूर्व में हरदा जिले की जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं, को प्रांतीय सचिव मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है जब हरदा जिले से किसी पदाधिकारी को प्रांतीय स्तर पर मनोनयन प्राप्त हुआ है। सीमा निराला के प्रांतीय सचिव नियुक्त होने पर अजाक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मसकोले, कार्यकारी अध्यक्ष देवीदयाल सिंगोरे, बलराम आहके, पीसी पोर्ते, सुभाष मसकोले, ज्योति परते, मौसम पोर्ते, टीआर चौरे, मुकेश उपरारीया, हीरालाल चौहान, पंचम उईके, भागवत मोहनिया, रामविलास नागवे, प्रयाग राज रूरे, केवलराम ऊईके, महेश बामने, वीरेंद्र नायक, पुरुषोत्तम पट्टा, सीएस चौहान, देवेंद्र ठाकुर, जशवंत इंगले, मंशाराम बरोंदे, राजकुमार मर्सकोले, विजय ढोके, कैलाश बामने, जितेंद्र चौधरी, रेखा मसकोले, लता सांवले, कृपा ओनकर, जसोदा मेहता, निशा धोपिया, कमल सिंह सावले, विष्णु प्रसाद चौधरी, रमेश अहिरवार सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई प्रेषित की तथा प्रांतीय अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रेड रिबन क्लब के विद्यार्थियों ने आईसीटीसी केंद्र का किया भ्रमण

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, हरदा की रेड रिबन क्लब इकाई द्वारा 15 जनवरी को रेड रिबन क्लब गतिविधि के अंतर्गत आईसीटीसी केंद्र, स्वास्थ्य विभाग हरदा का भ्रमण किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के मार्गदर्शन एवं प्रशासनिक अधिकारी वीके विछोतिया के सहयोग से संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान डीएसआरसी परामर्शदाता संगीता सोलंकी द्वारा हेपेटाइटिस एवं एड्स संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस एवं




एड्स संक्रमित व्यक्तियों के साथ परिवार एवं समाज का व्यवहार सामान्य होना चाहिए। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि एड्स संक्रमित व्यक्तियों की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है और नियमित दवाइयों के माध्यम से वे सामान्य जीवन जी सकते हैं। आईसीटीसी केंद्र के स्टाफ द्वारा यह भी बताया गया कि हेपेटाइटिस बी रोग की प्रकृति एड्स के समान होती है, जिसकी जांच एवं उपचार आईसीटीसी केंद्र में किया जाता है। हेपेटाइटिस संक्रमण से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को तीन टीके लगाए जाते हैं, जिससे इस बीमारी को रोका जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ. प्रियंका राय, डॉ. रविंद्र कुमार सोनपुरे, डॉ. अशोक पवार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हरदा जिले के 3 स्थानीय अवकाश घोषित

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने हरदा जिले में वर्ष 2026 के लिये 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जारी अधिसूचना अनुसार 29 अगस्त शनिवार को कजलिया पर्व, 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी तथा 6 नवम्बर शुक्रवार को धनतेरस का स्थानीय अवकाश सम्पूर्ण हरदा जिले के लिये घोषित किया गया है। ये अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में भोजन व नाश्ता गुणवत्तापूर्ण व सही मात्रा में मिले

- **जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्वसहायता समूहों को दिए निर्देश**

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे ने गुरूवार को परियोजना हरदा शहरी के कार्यालय में शहरी परियोजना के 7 स्वसहायता समूह के अध्यक्ष व सचिव की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होने समूह के सदस्यों से भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता के संबंध में चर्चा की। उन्होने निर्देश दिये यह ध्यान रहें कि भोजन सही मात्रा में गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। नाश्ता व भोजन मेन्यु अनुसार नियमित आना चाहिए। यदि भोजन व नाश्ता मेन्यु अनुसार गुणवत्तापूर्वक नहीं पाया जाता है तो संबंधित समूह को हटा दिया जाएगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर नाश्ता व भोजन समय पर आये, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने पर्यवेक्षक को निर्देशित किया कि सही भोजन व नाश्ता न मिलने पर रिपार्ट करें।



# शासकीय कॉलेज में मशरूम उत्पादन पर इंटर्नशिप प्रशिक्षण





**अनोखा तीर, टिमरनी।**

भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन पर आधारित इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय स्तर पर आयोजित एक शैक्षणिक एवं रोजगारोन्मुख पहल रही, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में अंतिम मूल्यांकन हेतु आवश्यक अकादमिक गतिविधियों को सुदृढ़ करना था। इस कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. सुनील बौरासी के मार्गदर्शन में किया गया। सामान्यतः विद्यार्थियों को इंटर्नशिप एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए अन्य संस्थानों में जाना पड़ता है, जिससे समय, संसाधन एवं मार्गदर्शन संबंधी कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय परिसर में ही मशरूम उत्पादन का सम्पूर्ण एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन की बारीकियों से अवगत कराया गया। इसमें मशरूम की प्रमुख प्रजातियाँ, कच्चे माल का चयन, सब्सट्रेट तैयार करने की विधि, स्पॉनिंग प्रक्रिया, तापमान एवं आर्द्रता नियंत्रण, स्वच्छता, रोग प्रबंधन, फसल कटाई एवं भंडारण की वैज्ञानिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मशरूम उत्पादन को लघु उद्योग एवं स्वरोजगार के रूप में अपनाने की संभावनाओं पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत दो शैक्षणिक सत्रों में भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण महाविद्यालय स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के आधार पर वर्तमान सत्र के अंतिम मूल्यांकन हेतु प्रोजेक्ट एवं रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा रिपोर्ट निर्माण, प्रस्तुतीकरण एवं मूल्यांकन की सुव्यवस्थित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इस प्रकार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाते हुए उनके शैक्षणिक मूल्यांकन तथा भविष्य के रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को भी सुदृढ़ करता है।

## सांई विद्या मंदिर में खेल गतिविधियों का समापन

**विजेता विद्यार्थियों को मिले प्रमाण पत्र**

**अनोखा तीर, सिराली।** सांई विद्या मंदिर में 8 तारीख से 15 तारीख तक आयोजित स्पोर्ट्स एक्टिविटी का गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। खेल सप्ताह के अंतर्गत 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, चेयर रेस, रिंग रेस, रिले रेस, चॉकलेट रेस, फ्रॉग रेस, स्पून रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, टग ऑफ वॉर, मैजिक रिंग, क्रिकेट, स्किपिंग एवं बैडमिंटन सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सभी खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। समापन अवसर पर विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की खेल गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है, इसलिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

## आंगनबाड़ी बच्चों के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया



**अनोखा तीर, टिमरनी।** नगर के वार्ड नंबर 13 के शर्मा पॉली क्लिनिक में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ उत्सवपूर्वक मकर संक्रांति मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों को तेल-गुड़ के लड्डू और गिफ्ट वितरित किए गए। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती उर्मिला गीते, पार्षद श्रीमती मीना ताम्बूलकर, पार्षद श्रीमती प्रीति बंसल, कुमारी रानी कनेरे, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती संगीता राजपूत, श्रीमती रितु धनगर, डॉक्टर शीतल अग्रवाल, डॉक्टर ज्योति गुर्जर एवं डॉक्टर पूजा शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों को मकर संक्रांति का सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व समझाया गया और उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।

**अभाविप ने राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया**

# शासकीय महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित की




**अनोखा तीर, सिराली।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को उनके विचारों से प्रेरित कर राष्ट्रनिर्माण के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अरुण खोदरे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह-कार्यवाह ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समाज को सही दिशा प्रदान करने वाला संगठन है।

उन्होंने बताया कि परिषद केवल शिक्षा के क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन में भी युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मक परिवर्तन पहुंचाने का कार्य कर रहा है। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी थी। यदि आज का युवा उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले, तो भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला सह-कार्यवाह अरुण खोदरे, प्राचार्या डॉ. धीरा शाह एवं विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष संदीप नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रथमेश पारे द्वारा किया गया। संगोष्ठी में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम प्रेरणादायी और सफल रहा। अंत में नगर मंत्री मनल अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के नारों और स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में खाद्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं की समस्याएँ सुनीं



**-कार्यकर्ता संगठन की रीढ़, उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता : गोविंद सिंह**

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित जन-सुनवाई के दौरान विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक, प्रशासनिक एवं स्थानीय जनहित से जुड़े विषय मंत्री के समक्ष रखे। मंत्री श्री राजपूत ने प्रत्येक विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन, सेवा और समाधान के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार और संगठन के बीच निरंतर संवाद से ही जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। इस जन-सुनवाई के माध्यम से सरकार और संगठन के बीच समन्वय और मजबूत हुआ है तथा कार्यकर्ताओं में विश्वास और सहभागिता की भावना को नई ऊर्जा मिली है।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

## आकांक्षा, आत्मविश्वास और एक युवा राष्ट्र का युवा स्वप्न

भारत आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहां 'युवा' केवल जनसंख्या आंकड़ों की श्रेणी नहीं, बल्कि नीति, राजनीति और राष्ट्रीय भविष्य की केंद्रीय धुरी बन चुका है. विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र के अनुमान बताते हैं कि भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है और 2030 तक भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा कार्यशील आयु वर्ग होगा. यह तथ्य अक्सर गर्व से डेमोग्राफिक डिविडेंड के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन इतिहास व राजनीतिक अर्थशास्त्र हमें सावधान करते हैं कि जनसंख्या तभी लाभदायक बनती है, जब उसे दृष्टि, अवसर और भागीदारी मिलती है.

इसी संदर्भ में राष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक सांस्कृतिक या प्रतीकात्मक अवसर नहीं है, बल्कि यह एक नीतिगत प्रश्न खड़ा करता है : क्या भारत अपने युवाओं को केवल आर्थिक उत्पादकता की इकाई के रूप में देख रहा है, या उन्हें लोकतंत्र का सह-निर्माता और नैतिक साझेदार भी मान रहा है? रोजगार, कौशल और उद्यमिता आवश्यक हैं, किंतु पर्याप्त नहीं. जब तक युवा नीति-निर्माण, शासन और सार्वजनिक विमर्श में वास्तविक भागीदारी का अनुभव नहीं करता, तब तक 'युवा-केंद्रित विकास' एक अधूरा दावा ही रहेगा.

ऐसे में स्वामी विवेकानंद को स्मरण करना केवल ऐतिहासिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि वैचारिक हस्तक्षेप बन जाता है. विवेकानंद को अक्सर प्रेरक वक्ता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जबकि वे आधुनिक भारत के सबसे गहरे राजनीतिक-सामाजिक चिंतकों में से थे. उन्होंने युवा को राष्ट्र की नैतिक ऊर्जा माना : ऐसी ऊर्जा जो महत्वाकांक्षा से संचालित हो, लेकिन उत्तरदायित्व से अनुशासित रहे. उनके लिए आत्मविश्वास आत्ममुग्धता नहीं था, बल्कि चरित्र, आत्मसंयम और सेवा-भाव से उपजा हुआ साहस था. आज, जब सफलता को प्रायः व्यक्तिगत उपलब्धि, उपभोग और दृश्यता से मापा जा रहा है, विवेकानंद का यह दृष्टिकोण एक आवश्यक वैचारिक संतुलन प्रस्तुत करता है.



समकालीन भारत का युवा पहले से कहीं अधिक राजनीतिक रूप से सजग है. वह प्रश्न करता है, असहमति दर्ज करता है और सार्वजनिक मुद्दों पर अपनी उपस्थिति चाहता है. यह किसी भी जीवंत लोकतंत्र का संकेत है. किंतु असली चुनौती युवाओं की मुखरता नहीं, बल्कि संस्थाओं की ग्रहणशीलता है. क्या हमारी राजनीतिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक संरचनाएं इस ऊर्जा को केवल नियंत्रित करना चाहती हैं, या उसे दिशा और स्थान भी देना चाहती हैं? विवेकानंद का युवा आलोचक भी था और निर्माता भी.

वह व्यवस्था पर प्रश्न उठाता था, लेकिन उसके सुधार की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटता था. आज के भारत को ठीक इसी प्रकार के सहभागी, दीर्घदृष्टि-संपन्न युवा नेतृत्व की आवश्यकता है. आंकड़े बताते हैं कि भारतीय युवा आज विज्ञान, तकनीक, खेल, संस्कृति और सार्वजनिक सेवा जैसे हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा रहा है.

भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम विश्व के अग्रणी इकोसिस्टम्स में गिना जाने लगा है और इसमें युवाओं की केंद्रीय भूमिका है. लेकिन विवेकानंद हमें चेताते भी हैं कि यदि युवा ऊर्जा केवल आर्थिक लक्ष्यों तक सीमित रह जाए, तो वह राष्ट्र को तेज तो बना सकती है, पर दिशा नहीं दे सकती. दिशा तब आती है, जब वही ऊर्जा नैतिक स्पष्टता, सामाजिक संवेदनशीलता और सार्वजनिक उत्तरदायित्व से जुड़ती है.

राष्ट्रीय युवा दिवस का वास्तविक अर्थ यहीं निहित है. यह दिन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र का भविष्य घोषणाओं, नारों या जनसंख्या के आंकड़ों से तय नहीं होता, बल्कि उस भरोसे से तय होता है जो एक समाज अपने युवाओं पर करता है. यदि भारत अपने युवाओं को चेतन नागरिक, विचारशील भागीदार और नैतिक उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार करता है, तो यही युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति बनेंगे, और उस राष्ट्रीय स्वप्न के सबसे विश्वसनीय वाहक भी, जिसकी कल्पना विवेकानंद ने वर्षों पहले की थी.

## हिंदू सम्मेलन के लिए निकाली विशाल ट्रैक्टर रैली



**अनोखा तीर, रहटगांव।** नगर में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को हिंदू सम्मेलन के निमित विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई। रैली दोपहर 1 बजे मंडी प्रांगण से प्रारंभ हुई, जिसमें नगर के बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंडी प्रांगण पहुंची, जहां भारत माता की आरती के साथ इसका समापन किया गया। जानकारी के अनुसार रहटगांव में पूरा नगर, नजरपुरा एवं मोहनपुर का संयुक्त सम्मेलन 17 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसी को लेकर सम्मेलन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक परिवारों को सम्मेलन से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर के मार्गों पर पताकाएं लगाई जा रही हैं, आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं तथा प्रभात एवं सायंकाल हरे राम-हरे कृष्ण संकीर्तन के साथ फेरियां निकालकर जनजागरण किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को आपस में जोड़ना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सम्मेलन के अंतर्गत 17 जनवरी को नगर में स्नेह भोज का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे आपसी आत्मीयता और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा। आयोजकों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने अधिक से अधिक परिवारों से सम्मेलन में सहभागिता करने की अपील की है।

## भाकिसं ने गांव के बीच लगी डीपी हटाने और सुरक्षा उपायों की मांग

**अनोखा तीर, रहटगांव।** भारतीय किसान संघ रहटगांव ने गांव के बीच में स्थापित 11 केवी की डीपी को सुरक्षित स्थान पर, गांव के बाहर लगाने की मांग को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। किसान संघ ने बताया कि गांव के



बीच डीपी होने से बिजली और सुरक्षा संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही उन्होंने 11 केवी लाइन के तारों के नीचे सेफ्टी जाली लगाने की भी मांग की, ताकि किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान सियाराम गौर, हरिओम गौर, राजू पटेल, मनोज गौर और नंदलाल पटेल उपस्थित रहे और उन्होंने इस विषय पर अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने का अनुरोध किया।

## संकल्प से समाधान अंतर्गत नगर परिषद सिराली में तीन स्थानों पर लगे शिविर



**अनोखा तीर, सिराली।** मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में उपलब्ध कराने हेतु संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत नगर परिषद सिराली, जिला हरदा द्वारा दिनांक 15 जनवरी को तीन स्थानों—रेन बसेरा, पुराना नगर परिषद कार्यालय एवं नगर परिषद कार्यालय खेल मैदान रामपुरा स्टेडियम, सिराली में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान संबल 2.0 योजना के अंतर्गत 12 पंजीयन, विकलांग पेंशन का 1 आवेदन तथा पीएम स्वनिधि योजना के 2 आवेदन प्राप्त हुए। नगर परिषद द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।

## जीवन सिंह शेरपुर के जन्मदिवस पर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



**अनोखा तीर, खिरकिया।** खिरकिया शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को करणी सेना परिवार प्रमुख ठा. जीवन सिंह शेरपुर के जन्मदिवस के अवसर पर करणी सेना परिवार तहसील खिरकिया टीम द्वारा मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए गए। इस दौरान अस्पताल में उपस्थित मरीजों का कुशलक्षेम भी जाना गया। कार्यक्रम के अवसर पर करणी सेना परिवार के सदस्यों ने अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की बात कही। इस अवसर पर करणी सेना परिवार तहसील खिरकिया के सदस्य एवं सर्व समाज के भाई-बंधु उपस्थित रहे।

# संपूर्ण विश्व में है नदियों में स्नान की परम्परा

**गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी जैसी नदियों के किनारे बसे नगरों और कस्बों में प्रातः कालीन स्नान, संध्या-आरती, दीपदान, श्राद्ध, पिंडदान और व्रत-उपवासों से जुड़े कर्मकांड एक जीवंत घाट-संस्कृति रचते हैं, जो भारत की सामूहिक स्मृति और धार्मिक जीवन का केन्द्रीय अंग है। नदी-स्नान को आज भी पाप-पुण्य, मोक्ष और कर्मफल की अवधारणा से जोड़ा जाता है।**

-विवेक रंजन श्रीवास्तव



भारत में नदियों के खुले घाटों पर स्नान की परंपरा अत्यन्त प्राचीन, व्यापक और गहरी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी हुई है। मकर संक्रांति पर जगह जगह लाखों लोग भारत में नदियों में स्नान करते हैं। यहाँ नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि देवी, मातृशक्ति और जीवन-दायिनी के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसके जल में डुबकी लगाना शरीर-शुद्धि के साथ-साथ आत्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक शुद्धि का भी प्रतीक माना जाता है। गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कावेरी जैसी नदियों के किनारे बसे नगरों और कस्बों में प्रातः कालीन स्नान, संध्या-आरती, दीपदान, श्राद्ध, पिंडदान और व्रत-उपवासों से जुड़े कर्मकांड एक जीवंत घाट-संस्कृति रचते हैं, जो भारत की सामूहिक स्मृति और धार्मिक जीवन का केन्द्रीय अंग है। नदी-स्नान को आज भी पाप-पुण्य, मोक्ष और कर्मफल की अवधारणा से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि कुछ विशेष तिथियों, पर्वों या योगों पर नदी में स्नान करने से पापों का क्षय और पुण्य की वृद्धि होती है, इसीलिए मकर संक्रांति, पूर्णिमा, अमावस्या या कुंभ जैसे अवसरों पर लाखों-करोड़ों लोग दूर-दूर से आकर नदियों में आस्तिकता और आस्था की डुबकी लगाते हैं। स्नान के भी अपने नियम, मर्यादाएँ और सावधानियाँ निर्धारित हैं, कैसे जल में उतरना है, किन दिशाओं की ओर मुख करके आचमन या संकल्प करना है, किन आचरणों से बचना है,ये सब मिलकर नदी-स्नान को केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि धार्मिक अनुष्ठान बना देते हैं। यदि भारत की इस परंपरा की तुलना विदेशों से की जाए, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि अन्य देशों में भी नदियाँ जीवन और संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग तो हैं, लेकिन वहाँ की नदी-संस्कृति का स्वरूप नितांत भिन्न है। यूरोप के कई देशों,जैसे जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड और ऑस्ट्रिया में नदी के किनारे सार्वजनिक स्नान और तैराकी की एक समृद्ध परंपरा मौजूद है, किंतु इसका मूल उद्देश्य धार्मिक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और मनोरंजन है। इन देशों में गर्मियों के मौसम में राइन, एरे जैसी नदियों के किनारे रिवर पूल, रिवर बीच और सुव्यवस्थित तैराकी क्षेत्र बनाए गए हैं, जहाँ नगर-निवासी परिवारों के साथ धूप सेंकते हैं, तैरते हैं, विश्राम करते हैं और जल के साथ एक सहज, लौकिक संबंध बनाते हैं। इन स्थलों पर शहरी निकायों द्वारा चेंजिंग रूम, सुरक्षा-बाधाएँ, लाइफगार्ड और स्वच्छता मानकों जैसी सुविधाओं की औपचारिक व्यवस्था रहती है, जो आधुनिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण भी हैं। इतिहास के पन्नों में झाँकने पर यूरोप की स्नान-संस्कृति का एक अलग रूप भी दिखता है। प्राचीन रोम के सार्वजनिक स्नानागारों में नहाना सामाजिक मेल-मिलाप, स्वास्थ्य-संरक्षण और विश्राम का साधन था, जहाँ नदी या झरनों से लाया गया जल भी प्रयुक्त होता था, किंतु वहाँ यह क्रिया किसी विशिष्ट धार्मिक पुण्य या पाप- निवारण की कल्पना से कम और सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन से अधिक जुड़ी थी।आगे चलकर यूरोप और मध्य एशिया में हम्माम, स्पा और गर्म जल-स्रोतों (हॉट स्प्रिंग्स) के इर्द-गिर्द जो स्नान-संस्कृति विकसित हुई, वह भी अधिकतर चिकित्सा, आराम और सौंदर्य-चेतना से संबद्ध रही, न कि गंगा-स्नान जैसी नियमित, सामूहिक तीर्थ परंपरा के रूप में। धार्मिक अर्थों में यदि नदी-स्नान की वैश्विक तुलना की जाए तो ईसाई परंपरा का 'बपतिस्मा' विशेष उल्लेखनीय है, जिसमें बहते जल , कभी-कभी नदी या झील में व्यक्ति को डुबोकर या जल छिड़ककर उसे आध्यात्मिक रूप से शुद्ध और धर्म-संस्कारित माना जाता है।आज भी संसार के विभिन्न भागों में कुछ ईसाई समुदाय खुले जलाशयों, विशेषकर नदियों में सामूहिक बपतिस्मा के अनुष्ठान करते हैं, लेकिन यह रोज़मर्रा का स्नान न होकर एक विशिष्ट, एकबारगी या अवसर-विशेष का संस्कार है। इसी प्रकार ठंडे देशों में आइस स्विमिंग या पर्व-विशेष पर बर्फीली नदियों और झीलों में डुबकी लगाने की परंपराएँ भी हैं, जिन्हें धार्मिक से अधिक साहसिक, प्रतीकात्मक या स्वास्थ्य-संबंधी गतिविधि के रूप में देखा जाता है। अमेरिका में भी नदियों में नहाने या तैरने के स्थानों की कमी नहीं है, पर इसकी प्रकृति भारतीय घाट-संस्कृति से नितांत भिन्न है। मिसिसिपी, कोलोराडो, पोटोमैक, हडसन जैसी अनेक नदियों के तट पर रिवर बीच, स्विमिंग होल और मनोरंजन पार्क विकसित किए गए हैं, जहाँ लोग गर्मियों में नदी के ठंडे जल का आनंद लेते हैं, तैराकी करते हैं, नौका विहार, पिकनिक और मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों में भाग लेते हैं।अमेरिका के छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थानीय समुदाय पास की नदियों और धाराओं में परिवार सहित नहाने और तैरने तथा पिकनिक मनाने जाते हैं, जो उनकी लोक-संस्कृति और अवकाश-जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है, पर इसे वे धार्मिक कर्तव्य, व्रत या पाप-पुण्य के तराज़ू से नहीं मापते। अमेरिका में नदी-जल से जुड़ा धार्मिक आयाम मुख्यतः कुछ ईसाई समुदायों के बपतिस्मा संस्कार और प्रतीकात्मक कार्यक्रमों में अवश्य दिखता है। वहाँ अब भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ पूरा समुदाय नदी के किनारे इकट्ठा होकर व्यक्तियों को जल में डुबोकर या उन पर जल उडेलकर बपतिस्मा देता है, और इसे आध्यात्मिक पुनर्जन्म या पापों से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। ठंडे राज्यों में नए वर्ष या चैरिटी कार्यक्रमों के अवसर पर अत्यन्त ठंडे नदी या झील के जल में सामूहिक रूप से डुबकी लगाने की पोलर प्लंज जैसी परंपराएँ भी लोकप्रिय हैं, जो आधुनिक समय की उत्सवधर्मी और साहसिक जीवन-शैली से अधिक संबंधित हैं । इस प्रकार भारत और विदेशों की नदी-संस्कृतियों के बीच मूल अंतर उनके आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आशयों में है। भारत में नदी-स्नान आस्था, अध्यात्म, कर्म और मोक्ष की अवधारणाओं से अभिन्न रूप से जुड़ा है, जिसके कारण यहाँ खुले घाटों, पुजारियों, आरती, मंत्रोच्चार और उत्सवों की एक संपूर्ण प्रतीक-प्रणाली विकसित हुई है, जो नदी को जीवंत, पवित्र सत्ता के रूप में स्थापित करती है। दूसरी ओर यूरोप और अमेरिका में नदी मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन, शहरी जीवन-रेखा और मनोरंजन स्थल के रूप में है। वहाँ नदी में नहाना या तैरना आधुनिक जीवन-शैली, अवकाश, खेल और स्वास्थ्य-संरक्षण का हिस्सा है, जबकि धार्मिक अर्थों में जल की पवित्रता और शुद्धि की चर्चा तो है, पर वह भारत जैसी व्यापक, जन-जीवन में रची-बसी घाट-संस्कृति का रूप नहीं है। भारतीय नदियाँ केवल भूगोल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मानचित्र का भी केन्द्रीय बिंदु हैं। भारत में नदी के किनारे-स्नान से लेकर जीवन की अंतिम यात्रा के घाट तक, लगभग हर संस्कार किसी न किसी रूप में किसी न किसी निकटवर्ती नदी से जुड़ता चला आता है। जबकि विदेशों में नदी के साथ मनुष्य का संबंध चाहे जितना आत्मीय और उपयोगी क्यों न हो, वह प्रायः लौकिक, व्यावहारिक और मनोरंजक स्तर पर ही अधिक मुखर दिखता है। यही अंतर भारतीय घाट-संस्कृति को विश्व परिदृश्य में एक अलग, अद्वितीय स्थान प्रदान करता है। किन्तु फिर भी आश्चर्य है कि जहां भारतीय नदियां प्रदूषण का शिकार हैं, वहीं विदेशों में नदियों की पूजा भले ही नहीं होती पर वहां नदियां साफ हैं।

# क्या ताइवान को हड़प जाएगा चीन ?

> आज तो पूरा ताइवान ही चीन के खिलाफ है. चीन हमले की कोशिश करेगा तो उसे भारी प्रतिरोध का सामना करना होगा. भीषण खून-खराबा होगा! वैसे चीन में शी जिनपिंग ने सत्ता में आने के बाद ही अपना इरादा स्पष्ट कर दिया कि वे ताइवान को चीन में मिला कर ही मानेंगे. यह उनके लिए इज्जत का सवाल बन चुका है. यदि वे ताइवान फतह कर लेते हैं तो चीन के वे सर्वकालिक सर्वशक्तिमान नेता बन जाएंगे. वैसे दोनों देशों की सैन्य शक्ति में जमीन-आसमान का अंतर है. लेकिन ताइवान को भरोसा है कि अमेरिका उसका साथ देगा. अमेरिकी थिंक टैंक द्वारा अभी-अभी किए गए एक अध्ययन में कहा भी गया है कि चीन हमला करता है तो उसके लिए जीतना आसान नहीं होगा.

**विजय दर्डा**

दुनिया में अभी जो हालात बने हुए हैं, उसमें हर किसी के मन में एक गंभीर सवाल तैर रहा है कि क्या चीन जल्दी ही ताइवान को हड़प लेगा और दुनिया देखती रह जाएगी? या फिर ताइवान को बचाने के लिए अमेरिका मैदान में कूदेगा? यदि ऐसा हुआ तो चीन की चाल क्या होगी? और सबसे बड़ा सवाल कि भारत पर इसका क्या असर होगा?

इस वक्त इस सवाल के गंभीर हो जाने का कारण यह है कि रूस ने यूक्रेन पर हमला कर रखा है और उसके सात हजार वर्ग किलोमीटर से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है. अमेरिका जंग समाप्त कराने की जो कोशिश कर रहा है, उसमें कब्जे वाला इलाका रूस के पास ही रहने की बात हो रही है.

इधर अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पकड़ लिया और स्पष्ट है कि वेनेजुएला पर अमेरिकी कब्जा हो चुका है. ऐसे में चीन के पास ताइवान को हड़पने का सुनहरा मौका है. चीन के पास हड़पने का पुराना नुस्खा है. 1950-51 में उसने तिब्बत को हड़प लिया और दुनिया बस जुबानी जमा खर्च ही करती रही. और जहां तक ताइवान का सवाल है तो उसे अपने में समेट लेने की धमकी शी जिनपिंग हमेशा देते रहे हैं. उन्होंने अपनी सेना को तैयार रहने को भी कहा है. हर साल चीन इस तरह का सैन्य अभ्यास भी करता है कि बस अब उस पर कब्जा करने ही वाला है. चीनी विमानों का ताइवान के आकाश में उड़ान भरना अब कोई नई बात नहीं रह गई है. चीन की चाहत है कि ताइवान उसके एक विमान को भी निशाना बनाए तो फिर हमले का बहाना मिल जाए. मगर ताइवान ने संयम बनाए रखा है. समझ लीजिए कि मामला बस यहीं रुका है!



आप में से बहुतों के मन में यह सवाल जरूर उठता होगा कि ताइवान को चीन आखिर क्यों हड़पना चाहता है? इसका जवाब पाने के लिए इतिहास में पीछे लौटना होगा. जापान ने 1931 में चीन पर कब्जा करना शुरू किया और 1945 तक चीन के बड़े हिस्से पर उसका कब्जा था. जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका ने बम गिराए तो दूसरा विश्वयुद्ध समाप्त हो गया.

इसके साथ ही चीन आजाद हो गया. देश का नाम पड़ा रिपब्लिक ऑफ चाइना. मगर दो पार्टियों में सत्ता की लड़ाई शुरू हो गई. सबसे पुरानी नेशनलिस्ट पार्टी कुओमिन्तांग थी. उसके नेता थे च्यांग काई-शेक. दूसरी थी कम्युनिस्ट पार्टी जिसके नेता थे माओ-त्से तुंग. दोनों के बीच जबर्दस्त लड़ाई हुई.

माओ भारी पड़े और च्यांग काई-शेक ने भाग कर चीन के समुद्री इलाके में शरण ली जिसे उन्होंने आजाद घोषित किया और देश का नाम रखा रिपब्लिक ऑफ चाइना जिसे आम-फहम भाषा में ताइवान कहा गया. इधर माओ-त्से तुंग ने अपने नियंत्रण वाले देश का नाम रखा पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना.

माओ चाह कर भी ताइवान पर कब्जा करने की स्थिति में नहीं थे क्योंकि चारों तरफ से समुद्र से घिरे ताइवान पर कब्जा करने के साधन उस समय उनके पास नहीं थे. कुछ छिटपुट लड़ाइयां हुईं लेकिन चीन को सफलता नहीं मिली.

वक्त ने करवट तब ली जब 1979 में चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता हुआ. अमेरिका को एक बड़े बाजार की जरूरत थी और चीन के तत्कालीन राष्ट्रपति देंग शिआयोपिंग ने अमेरिका को इस बात के लिए राजी कर लिया कि वह केवल पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को ही असली चीन माने.

अमेरिका मान गया और तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने रिपब्लिक ऑफ चाइना अर्थात ताइवान में अमेरिकी दूतावास बंद कर दिया. देंग शियाओपिंग ने तत्काल ताइवान को धमकी दी कि वो चीन में समा जाए. मगर यह हिम्मत नहीं हुई कि ताइवान पर हमला कर सकें. बाद में दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर बातचीत होती रही और सच यही है कि तल्खी भी बढ़ती चली गई.

आज तो पूरा ताइवान ही चीन के खिलाफ है. चीन हमले की कोशिश करेगा तो उसे भारी प्रतिरोध का सामना करना होगा. भीषण खून-खराबा होगा! वैसे चीन में शी जिनपिंग ने सत्ता में आने के बाद ही अपना इरादा स्पष्ट कर दिया कि वे ताइवान को चीन में मिला कर ही मानेंगे. यह उनके लिए इज्जत का सवाल बन चुका है. यदि वे ताइवान फतह कर लेते हैं तो चीन के वे सर्वकालिक सर्वशक्तिमान नेता बन जाएंगे.

वैसे दोनों देशों की सैन्य शक्ति में जमीन-आसमान का अंतर है. लेकिन ताइवान को भरोसा है कि अमेरिका उसका साथ देगा. अमेरिकी थिंक टैंक द्वारा अभी-अभी किए गए एक अध्ययन में कहा भी गया है कि चीन हमला करता है तो उसके लिए जीतना आसान नहीं होगा. उसके एक लाख सैनिक मारे जा सकते हैं.

ताइवान के पचास हजार सैनिकों के साथ पचास हजार नागरिक तथा अमेरिका के पांच हजार सैनिक हताहत हो सकते हैं. रिपोर्ट का यह भी दावा है कि अंततः चीन को पीछे हटना पड़ेगा. अध्ययन में अमेरिकी सैनिकों के जिक्र का क्या मतलब है? मतलब साफ है कि ताइवान का साथ देने के लिए अमेरिका तैयार है.

इस बात को चीन समझ रहा है और यही कारण है कि वह ताइवान पर हमला नहीं कर पा रहा है. मगर वह रह-रह कर धमकी जरूर दे रहा है. यदि ये जंग हुई तो किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा. हम भी कहीं न कहीं जरूर प्रभावित होंगे. दुनिया के सारे देशों को समझना होगा कि जंग किसी समस्या का समाधान कभी नहीं हो सकता. लेकिन सिरफिरे नेताओं को कौन समझाए?

## सार-समाचार

# फ्लोरोसिस के 229 संभावित मरीजों की जांच कर उपचार किया

**अनोखा तीर, खंडवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखण्ड किल्लौद के चिन्हांकित ग्रामों में डेन्टल एवं स्केलेटल फ्लोरोसिस के संभावित मरीजों की जांच के लिए गांव में ही स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहें है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम हीरापुर सेमरुढ़ माल में डेन्टल फ्लोरोसिस प्रभावित 105 मरीजों का, तथा गड़बड़ी माल में 82 मरीजों का तथा बरमलाय में 42 मरीजों का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। शिविर में हड्डी रोग विभाग से डॉ. वैभव एवं दंत रोग विभाग से डॉ. ऊष्मा जिंदल, डॉ. मुस्कान सिंह तथा सीएचओ, एएनएम व आशा कार्यकर्ता सहित अन्य चिकित्सक भी मौजूद थे।

# वित्तीय साक्षरता जागरूकता सत्र का सफल आयोजन

## ● विद्यार्थियों को सुरक्षित निवेश व पूंजी बाजार की मिली व्यावहारिक जानकारी

**अनोखा तीर, खंडवा।** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के सहयोग से तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता पहल के अंतर्गत 15 जनवरी को पूनम चंद गुप्ता वोकेशनल कॉलेज, खंडवा में वित्तीय साक्षरता जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजित सत्र में महाविद्यालय के बीबीए एवं बीकॉम संकाय के विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में फैकल्टी सदस्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुश्री संध्या पारदेशी (मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड), कृष्णा गुप्ता (क्षेत्रीय प्रबंधक - मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, सीडीएसएल) तथा अनिमेष उपाध्याय ने



विद्यार्थियों को पूंजी बाजार की कार्यप्रणाली, निवेशक अधिकार, सुरक्षित निवेश के उपाय एवं पूंजी बाजार में उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक, सतर्क एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही जानकारी और समझ के साथ किया गया निवेश ही सुरक्षित एवं उवल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. दीपेश उपाध्याय एवं प्रबंधक सतीश पटेल द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के जीवन में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सिंह बिसेन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रबंधन विभाग के पवन पाटीदार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीकॉम विभागाध्यक्ष महावीर जैन, बीबीए विभाग से कु. प्रियांशी जायसवाल एवं कु. दिव्या हिंदूजा सहित वाणिज्य विभाग के अन्य प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख संदीप गुप्ता, सचिव प्रज्ञान गुप्ता एवं संचालक श्रीमती पूजा गुप्ता ने आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जागरूकता सत्र विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश तथा सुदृढ़ भविष्य निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

# खाटू श्याम महोत्सव में उमड़ेगा भक्ति का महासंगम

## ● दो दिवसीय महोत्सव से गूंजेगा खरगोन

**अनोखा तीर, खरगोन।** माघ कृष्ण पक्ष तेरस ओर चौदस के पावन अवसर पर रींगस खाटूवाले श्री श्याम प्रभु की कृपा से 27वाँ श्री श्याम वन्दना महोत्सव 16 व 17 जनवरी को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह दो दिवसीय महोत्सव बाबा श्याम, कुलदेवी मनसा माता जी, पितृ देवता, गुरु महाराज एवं समस्त श्याम प्रेमियों के सहयोग से संपन्न होगा। आयोजन को लेकर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बनना शुरू हो गया है।

**▸ आज सुंदरकाण्ड पाठ से होगी शुभ शुरुआत :** आज श्री सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन रात्रि 8.15 बजे से किया जाएगा। यह पाठ श्री श्यामकुंज, विश्वसखा कॉलोनी, खरगोन में संपन्न होगा। सुंदरकाण्ड पाठ के माध्यम से भक्तजन प्रभु श्रीराम एवं बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे।



**▸ ध्वजा यात्रा से गूंजेगा नगर :** 17 जनवरी, शनिवार (प्रातः) द्वितीय दिन प्रातः श्री श्याम ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी, जो सुबह 9.15 बजे प्रारंभ होगी। ध्वजा यात्रा के दौरान बाबा श्याम के जयकारों से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो उठेगा। श्रद्धालु केसरिया ध्वज के साथ बाबा के जयघोष करते हुए यात्रा में सम्मिलित होंगे।

**▸ भजन संध्या एवं पावन ज्योत :** 17 जनवरी, शनिवार (सायंकाल) शनिवार सायंकाल श्री श्याम भजन संध्या एवं पावन ज्योत का आयोजन सायं 8.15 बजे से किया जाएगा। इसके साथ ही बाबा का भोग एवं भोजन प्रसादी का वितरण रात्रि 8.15 बजे से 11.15 बजे तक होगा। यह समस्त आयोजन राधा कुंज मांगलिक परिसर, हॉल, खरगोन में संपन्न होंगे। सदगुरुओं का आशीर्वाद व संतों का सानिध्य महोत्सव को सदगुरु देव भगवान श्री नारायणदास जी महाराज (त्रिवेणी धाम) एवं श्याम अनुरागिनी ब्रह्मलीन गुरु मां सावित्री बाई जी का पावन आशीर्वाद प्राप्त होगा। विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे प्रताप सिंह चौहान (श्री श्याम मंदिर कमेटी, खाटूश्याम जी) पुरुषोत्तम शर्मा (श्री श्याम कला भवन, खाटूश्याम जी) संजीव मित्तल (वरिष्ठ, श्री श्याम प्रेम मंडल, दिल्ली) संत श्री लक्ष्मणदास जी महाराज (वृंदावन धाम) भजन, संगीत व भव्य श्रृंगार रहेंगे महोत्सव का मुख्य आकर्षण।

**▸ देशभर के ख्यातिप्राप्त श्याम भजन मंडल बांधेंगे भक्तिरस :** महोत्सव की भजन संध्या में देशभर से पधारे ख्यातिप्राप्त श्याम भजन मंडल एवं भजन गायक अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। भजन संध्या में श्री श्याम अखाड़ा परिवार (दिल्ली), श्री श्याम प्रेम मंडल (अशोक विहार, दिल्ली), सोमेश जैन (जयपुर) एवं रवि शर्मा (इंदौर) द्वारा भक्तिरस से सराबोर भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संगीत संयोजन मोनू म्यूजिकल ग्रुप, दिल्ली द्वारा किया जाएगा।

## ● तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में तंबोली समाज की धर्मशाला का होगा भव्य निर्माण

# तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में तंबोली समाज की धर्मशाला का होगा भव्य निर्माण

**अनोखा तीर, बड़वाह।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में संयुक्त तंबोली समाज की भव्य धर्मशाला का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। करोड़ों रुपए से बनने वाली इस धर्मशाल का 31 जनवरी को मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भूमि पूजन करेंगे। जबकि अध्यक्षता संकल तंबोली समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश लख्खूलाल चौरसिया करेगे। उक्त भूमिपूजन का कार्यक्रम महामंडलेश्वर श्री सच्चीदानंद जी महाराज अन्नपूर्णा आश्रम ओंकारेश्वर के सानिध्य में संपन्न होगा। विशेष अतिथि खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, सांसद राज्यसभा कविता पाटीदार, मांधाता विधायक नारायण पटेल, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, खण्डवा विधायक कंचन मुकेश तनवे,पंधाना विधायक छाया मोरे,राष्ट्रिय अध्यक्ष यदुवंशी तंबोली समाज मिश्रीलाल रावत, चेयरमेन पाठ्य पुस्तक स्थाई समिति राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल भागीरथ कुमरावत,महिला अध्यक्ष बारी संघ महाराष्ट्र जलगांव मंगला ताई, अखिल भारतीय तंबोली समाज महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह यदुवंशी रहेगे। प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमरावत ने बताया की कार्यक्रम के दौरान समाज रत्न एवं समाज अध्यक्षों का भी सम्मान किया जाएगा।



### समाज सदस्यों की बैठक हुई संपन्न

कार्यक्रम की रुपरेखा के लिए ओंकारेश्वर में समस्त पदाधिकारीगण तथा समस्त न्यास के सदस्यगण एवं समाजगण की मीटिंग संपन्न हुई। न्यास के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ न्यास की कार्यकारणी एवं बड़वाह, सनावद, अरुद, दिवाल, टांडा बरूड, सिमरोल, बालगढ़, खरगोन, रुस्तमपुर, सिवनी मालवा, हरदा, खंडवा, मंडलेश्वर, इंदौर, भोपाल सहित अन्य जगह से आए न्यास के सदस्यों ने मीटिंग में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। समाज अध्यक्ष संतोष कपूरचंद कुमरावत, सचिव वीरेंद्र घनश्याम पटेल ने अपील कर कहा कि समाज अध्यक्षों के साथ ही युवा साथी अधिक से अधिक समाज बंधुओं को कार्यक्रम में लेकर शामिल हो।

### समाज रत्नों का होगा सम्मान

इस कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर रिटायर्ड टीचर वरिष्ठ समाजसेवी पूनम चंद मोदी, टांडा बरुड समाजसेवी महादेव कुमरावत, नीमच वरिष्ठ समाजसेवी माणकलाल मोदी, देवास समाजसेवी अनिल मोदी, आरूद समाजसेवी पूनमचंद बराडे, कनोद समाजसेवी विष्णु भारतीय, बडवानी समाजसेवी सालिगराम कुमरावत, भोपाल समाजसेवी कृष्णकांत चौरसिया, बेटवा खूबचंद कुमरावत, मंडलेश्वर समाजसेवी प्रताप चौहान, उज्जैन समाजसेवी शंकरलाल कलवाडीया, कुकडेश्वर समाजसेवी प्यार चंद चंदेल, कुकडेश्वर डालूराम तोडावाल का अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## ● नपा ने आदर्श कॉलोनी का हटाया अतिक्रमण ● अब सड़क और नाली निर्माण की होगी शुरुवात

# नपा की अतिक्रमण मुहिम से वार्डों में बढ़ेगी सुंदरता, बड़े वाहनों को आवागमन में होगी सुविधा





## ● वार्ड पार्षद बोले वार्ड को स्वच्छ सुंदर बनाने का हमारा लक्ष्य: रोहित चौरसिया

**अनोखा तीर, बड़वाह।** इन दिनों नगर के वार्डो में बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए नपा एसीएमओ कुलदीप किन्शुक और नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कमर कस ली है। जिसके चलते उनके अधीन अधिकारी और कमर्चारियों की टीम अलग-अलग वार्डो से अतिक्रमण हटाकर रहवासियों के लिए यातायात सुगम बना रहे है। इस अतिक्रमण मुहिम के चलते विगत दिनों नगर के वार्ड क्रमांक 13 में अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस वितरित किए थे। जिसके आधार पर कई मकान मालिकों ने अपने घरों के सामने स्थाई अतिक्रमण को हटा लिया था। लेकिन कुछ स्थाई अतिक्रमण नहीं हटने से गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे नपा के अमले ने जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की, जिसकी कई रहवासियों ने सराहना की ।

### सड़क निर्माण के साथ होगा नाली निर्माण

नगर के कई वार्डो की सडके जर्जर हो चुकी है। जहां कुछ स्थानों पर नाली का अभाव भी बना हुआ है। जिसके मद्देनजर वार्ड क्रमांक 13 आदर्श नगर कॉलोनी के पार्षद रोहित चौरसिया ने कहा कि वार्ड को स्वच्छ सुंदर बनाने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। अब आगामी दिनों में वार्ड में सड़क और नाली निर्माण करवाया जाएगा। जबकि नपा इंजीनियर भी वार्ड 13 में सड़क और नाली निर्माण की मंशा जाहिर कर रहे हैं।ताकि रहवासियों को अच्छे मार्ग की सुविधा मिलने के साथ ही दूषित पानी निकलने की व्यवस्था हो सके। उल्लेखनीय है कि वर्तमान नपा परिषद् ने शहर के इंदौर रोड और एमजी रोड का भी सड़क चौड़ीकरण कर रहवासियों को आने-जाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध करवाई है। अब नपा परिषद् शहर के वार्डो में भी अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण की पहल कर रही है।

# मां की ममता और पिता की क्षमता को भगवान भी चुनौती नहीं दे सकता: राष्ट्र संत ललित प्रभ

## ● जीवन का सार भलाई है, परोपकार से ही खुलती है भाग्य रेखा : डॉ. शांति प्रिय सागर

**अनोखा तीर, खंडवा।** साधु-संत चलते-फिरते तीर्थ के समान होते हैं। उनके प्रवचनों से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि जीवन को सही दिशा भी प्राप्त होती है। दादाजी की नगरी







खंडवा में राष्ट्र-संत श्री ललित प्रभ सागर जी महाराज एवं डॉ. मुनि श्री शांति प्रिय सागर जी महाराज के सान्निध्य में पुरानी अनाज मंडी, रामकृष्ण गंज में जीने की कला विषय पर आयोजित तीन दिवसीय विराट प्रवचन माला के दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मामृत का पान किया। सकल जैन समाज एवं जैन युवक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन माला में घर को कैसे स्वर्ग बनाएं विषय पर प्रवचन देते हुए राष्ट्र-संत श्री ललित प्रभ जी महाराज ने कहा कि मां की ममता और पिता की क्षमता को भगवान भी चुनौती नहीं दे सकता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कैंची काटने का काम करती है, इसलिए दर्जी के पैरों के नीचे रहती है, जबकि सुई जोड़ने का कार्य करती है, इसलिए दर्जी की पगड़ी में स्थान पाती है। अर्थात जो जोड़ने का कार्य करता है, वही सम्मान पाता है। महाराज श्री ने कहा कि केवल उम्र से कोई बड़ा नहीं होता, बल्कि जो व्यक्ति समय आने पर झुकना जानता है और परिवार को टूटने नहीं देता, वही वास्तव में घर का बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि 84 लाख योनियों से क्षमा मांगने से पहले घर के सदस्यों से क्षमा मांगने का बड़प्पन दिखाना चाहिए। यदि घर में आपसी मनमुटाव है तो मंदिर दर्शन, संत सेवा और धर्म-कर्म से पहले टूटे रिश्तों को जोड़ना आवश्यक है, अन्यथा सारा धर्म निष्फल हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग बाहर जाकर सेवा करते हैं लेकिन घरवालों का सम्मान नहीं करते, उन्हें ईश्वर भी क्षमा नहीं करता। पहले घर के बुजुर्गों, माता-पिता और कमजोर भाई-बहनों की सेवा करना ही सच्ची मानव सेवा है। जहां बेटे-बहू सोने से पहले बुजुर्गों के पैर दबाते हैं, वहां रोज दीवाली होती है। इससे पूर्व डॉ. मुनि श्री शांति प्रिय सागर जी महाराज ने दान और परोपकार का महत्व बताते हुए कहा कि दूध का सार मलाई है, और जीवन का सार भलाई है। उन्होंने कहा कि जो दो हाथों से दान देता है, विधाता उसकी झोली हजार हाथों से भर देता है। दान करने से धन घटता नहीं, बल्कि लक्ष्मी की कृपा कई गुना बढ़ जाती है। जैसे धरती में बोया गया एक बीज हजार गुना फल देता है, वैसे ही दान समृद्धि का श्रेष्ठ निवेश है। प्रचार मंत्री चंद्रकांत सांड एवं सुनील जैन ने बताया कि प्रवचन माला के दूसरे दिन मंच संचालन नवनीत बोथरा ने किया तथा आभार विजय जैन ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में एसडीएम बजरंग बहादुर, आयोजकगण, समाजसेवी, विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, महिला श्रद्धालु एवं इंदौर, पंधाना, अंकलेश्वर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रचार मंत्री ने जानकारी दी कि शुक्रवार को प्रातः 9.15 से 11.15 बजे तक जिंदगी में मालामाल बनने के चार मंत्र विषय पर विशेष सत्संग प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।

### नपा-ठेकेदार-बिजली कंपनी आमने-सामने, मेला फिर भी अंधेरे में।

# गौरव दिवस रोशन, नवग्रह मेला अंधेरे में !

## ● प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ा ऐतिहासिक मेला

## ● मुख्य गेट तक नहीं, व्यवस्थाओं की खुली पोल

**अनोखा तीर, खरगोन।** नवग्रह मंदिर के 134 वें प्राचीन मेले में इस वर्ष आस्था से ज्यादा अव्यवस्था नजर आ रही है। एक ओर नगर पालिका गौरव दिवस के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर भव्य आतिशबाजी कर रही है, वहीं



दूसरी ओर शहर की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान कहे जाने वाले इस मेले को अंधेरे और अव्यवस्थाओं के हवाले कर दिया गया है। रोशनी से जगमगाता शहर, आसमान में छूटती आतिशबाजी और मंचों से गूंजते गौरव के भाषण यह तस्वीर नगर पालिका के आयोजनों की है। लेकिन इसी शहर के एक कोने में, जहां 134 साल पुरानी आस्था, परंपरा और संस्कृति सांस लेती है, वहां आज अंधेरा पसरा हुआ है। नवग्रह मंदिर के प्राचीन मेले में बिजली व्यवस्था को लेकर अब हालात ऐसे बन गए हैं कि हर जिम्मेदार बयान दे रहा है, लेकिन जमीन पर व्यवस्था शून्य बनी हुई है। एक ओर दुकानदारों से 1 जनवरी से किराया वसूला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 15 दिन बाद भी मेला अंधेरे में डूबा हुआ है।

### न प्रवेश द्वार, न व्यवस्था और न ही किसी जिम्मेदार की सुनवाई

यह सिर्फ अव्यवस्था नहीं, बल्कि प्रशासनिक असंवेदनशीलता का जीवंत प्रमाण है। जिस मेले को शहर की पहचान कहा जाता है, उसी मेले में 20 दिन बीत जाने के बाद भी बिजली नहीं पहुंच पाई। श्रद्धालु, व्यापारी और स्थानीय लोग अंधेरे में भटकने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि इसी मेले के लिए 1 जनवरी से दुकानदारों से पूरा किराया वसूला जा रहा है। पैसा समय पर, नियम सख्ती से, लेकिन सुविधाएं वह शायद किसी फाइल में अटकी पड़ी हैं। सवाल सीधा है। जब किराया लिया जा रहा है, तो व्यवस्था क्यों नहीं? और अगर यही दुकानदार मेला समाप्ति के बाद एक मिनट की भी देरी कर दें, तो उनकी दुकानों की लाइट तुरंत काट दी जाती है, बिना एक शब्द सुने, बिना किसी मोहलत के। यह दोहरा मापदंड नहीं तो और क्या है ? प्रशासन की सख्ती सिर्फ कमजोर पर, और लापरवाही जिम्मेदारों के लिए यही नहीं, इस बार तो मेले का मुख्य गेट तक नहीं लग पाया, जो किसी भी आयोजन की पहचान और सुरक्षा का सबसे बुनियादी हिस्सा होता है। जब गेट ही नहीं, तो बाकी व्यवस्थाओं का हाल समझा जा सकता है। व्यापारी दर-दर भटक रहे हैं। नगर पालिका के चक्कर काटे जा रहे हैं, मेला समिति से गुहार लगाई जा रही है, मेला अधिकारी से संपर्क साधा जा रहा है। लेकिन हर जगह खामोशी, टालमटोल और आश्वासन के सिवा कुछ नहीं। सवाल उठता है कि आखिर दुकानदार जाएं तो जाएं कहां? यह मेला किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि शहर की सामूहिक विरासत है, फिर इसे इस तरह उपेक्षा के अंधेरे में क्यों धकेला जा रहा है? बिजली व्यवस्था को लेकर बयानबाजी चरम पर है। मेला अधिकारी जल्द व्यवस्था की बात कर रहे हैं, बिजली कंपनी तीन माह पहले दिए गए लिखित निर्देशों की याद दिला रही है, ठेकेदार टेंडर की शर्तों का हवाला देकर खुद को निर्दोष बता रहा है। हर कोई बोल रहा है, लेकिन जमीन पर न रोशनी है, न समाधान। सवाल यह है कि जब तीन महीने पहले सबको जानकारी थी, तो तैयारी क्यों नहीं की गई? गौरव दिवस पर लाखों खर्च कर आतिशबाजी की जा सकती है, मंच सजा दिए जाते हैं, रोशनी की कोई कमी नहीं होती। लेकिन जब बात 134 साल पुरानी धार्मिक परंपरा की आती है, तो वही प्रशासन आंखें मूंद लेता है। यह फर्क सिर्फ प्राथमिकताओं का नहीं, बल्कि नियत



# नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं से गरीबों को मिल रहा उपचार का लाभ: विधायक तनवे

**अनोखा तीर,खंडवा।** केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी संवेदनशीलता से निर्वहन कर रही है। सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के चलते आज गरीब और जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क इलाज, जांच व दवाइयों की सुविधा मिल रही है। यह बात खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलपुरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए कही। विधायक श्रीमती तनवे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रुपए 5 लाख तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हो रहे हैं।

# लायन्स के जनक मेलविन जोन्स की जन्मजयंती पर सेवा व समर्पण की प्रतिज्ञा

## ● लायन्स क्लब, आनंद एवं ओजस का संयुक्त आयोजन



**अनोखा तीर, खंडवा।** लायन्स इंटरनेशनल के संस्थापक मेलविन जोन्स की जन्मजयंती के अवसर पर लायन्स क्लब खंडवा, लायन्स क्लब खंडवा आनंद एवं लायन्स क्लब खंडवा ओजस के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित लायंस भोजन सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेलविन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण कर सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा सभी सदस्यों ने सेवा और समर्पण की प्रतिज्ञा ली। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स इंटरनेशनल विश्व के 210 देशों में कार्यरत विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन है, जो लायन्स क्लबों के माध्यम से मानव सेवा के विविध कार्य कर रहा है।


## जाहिर सूचना

**दिनांक : 15/01/2026**

मेरे पक्षकार इंडिया शेल्टर फाइनेन्स कारपोरेशन धार द्वारा प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भावी ऋणी **श्री सुनील चौहान पिता कालू** निवासी दरबार मोहल्ला, ग्राम पोस्ट बडगांव, खरगोन, बडगांव, खरगोन, जिला खरगोन, (म.प्र.) को उनका पता प.ह.न. 16, खसरा नं. 43 (B), प्लाट नं. 622 (P), तहसील गोगावां जो कि गाँव के मुख्य मार्ग के अंदर स्थित है, **जिला खरगोन (म.प्र.)**, का कुल क्षेत्रफल 137 वर्गमीटर जिला खरगोन को बंधक रखकर उस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त मकान **श्री सुनील चौहान पिता कालू**, जिला खरगोन का होकर रजिस्टर्ड पत्र विलेख दस्तावेज क्रमांक MP8IGR17752026A100030441 दिनांक 09/01/2026 है। जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैः- उत्तर- प्लाट नं. 570 (P) रामसिंह का गंगाराम चौहान का मकान, दक्षिण- प्लाट नं. 748 (P) आम रास्ता, पूर्व- प्लाट नं. 574 (P) गली, पश्चिम- प्लाट नं. 620 (P) संतोष पिता कालूराम चौहान एवं प्लाट नं. 623 (P) धनसिंह पिता गंगाराम चौहान है।

जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या वित्तीय संस्था या वारिस को स्वत्व या बंधक संबंधी कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर संलिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में संपर्क करें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋणी की उक्त संपत्ति को बंधक रखकर उस पर ऋण प्रदाय कर दिया जावेगा।

**भवदीय**
**अभय रावत एडवोकेट,**
**9, सुन्दरवन कालोनी, गीत गार्डन के पास, धार**
**मोबाईल नंबर- 80859-04049**

## सार-समाचार

# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने रखी सीएम से मिलने की मांग

**अनोखा तीर, माखन नगर।** नगर कांग्रेस ने गुरुवार को तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने की अनुमति दिए जाने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा वे क्षेत्र की समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल




शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखेगा। कांग्रेस ने आग्रह किया कि सक्षम अधिकारी या मुख्यमंत्री से इसकी अनुमति दिलाई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौवंश का शिकार करने घूमता दिखा बाघ

### ● राहगीरों ने बनाया वीडियो, हॉर्न सुन जंगल की ओर भागा

**अनोखा तीर, इटारसी।** क्षेत्र के तवानगर क्षेत्र में बुधवार सुबह बंजारी माई के पास सड़क पर एक बाघ घूमता हुआ दिखा। घटना सुबह लगभग 9.25 बजे की है। सड़क से गुजर रहे राहगीरों और वाहन चालकों ने बाघ को खुलेआम सड़क पर टहलते देखा, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाघ सड़क किनारे मौजूद एक गौवंश पर झपट्टा मारने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही गाड़ियों के चालकों ने लगातार हॉर्न बजाए। तेज आवाज सुनकर बाघ घबरा गया और शिकार किए बिना ही पास के जंगल की ओर चला गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने फोन से बाघ का वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया, जो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में बाघ सड़क पर घूमता हुआ साफ नजर आ रहा है। वीडियो आने के बाद से आसपास के गांवों में लोग चिंतित हैं और वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं। तवानगर में पदस्थ फॉरेस्ट गार्ड ने बताया कि यह इलाका बाघदेव बीट के अंतर्गत आता है, जहां पहले भी वन्यजीवों की आवाजाही देखी जाती रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। हालांकि, सड़क और झाड़ियों की स्थिति के कारण बाघ के फुटमार्क नहीं मिल सके। वन विभाग की ओर से क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। विभाग ने ग्रामीणों को सुबह-शाम अकेले जंगल या सड़क किनारे जाने से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए हैं। लगातार बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र में वन्यजीव और मानव संघर्ष की आशंका को देखते हुए वन विभाग हालात पर नजर बनाए हुए है।

# विधायक ने संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की



**अनोखा तीर, इटारसी।** भाजपा के संगठन पर्व एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में संगठनात्मक सुधार एवं समीक्षा के दूसरे चरण में उन्होंने न्यास कॉलोनी के वार्ड 11 एवं 13 के बूथों का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान विधायक डॉ. शर्मा ने बूथ समिति के सदस्यों व कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में बूथ समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने समन्वय व निरंतर जनसंपर्क पर जोर दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी, पार्षद मनजीत क्लोसिया, इटारसी मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे सहित मनीष ठाकुर, पुनीत मालवीय, मुकेश साहू, कैलाश रैकवार, करन बर्गले तथा बूथ समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर पर मजबूती और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

# लूट के आरोपियों पर 20 हजार का इनाम घोषित किया

**अनोखा तीर, खंडवा।** गत दिनों पुनासा के सोलंकी मार्केट में कृष्णा ज्वेलर्स के राकेश सोनी पर हमला करके अज्ञात लगभग छः-सात आरोपी चांदी और सोने के जेवर से भरे दो बैग उठाकर ले गए थे। पुलिस अधीक्षक खंडवा ने गत दिनों इन आरोपियों पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था, लेकिन अभी तक इन अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है। अब पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन, सिद्धार्थ बहुगुणा ने इन अज्ञात आरोपियों पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। जारी उद्घोषणा के अनुसार जो भी व्यक्ति इन अज्ञात छः-सात आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, तो ऐसे व्यक्ति को कुल 20 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन का निर्णय अंतिम रहेगा।

### ● एक किसान के घर में लग रहा स्कूल, उसे भी समय पर नहीं मिल रहा किराया

# 4 साल पहले स्कूल भवन था तब 19 बच्चे दर्ज थे, अब 9 बच्चे स्कूल में हैं दर्ज

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा**

तहसील मुख्यालय से करीब 35 किमी. दूर नर्मदा के तट पर बसे ग्राम रामगढ़ में सरकारी प्राथमिक शाला भवन के अभाव में किसान के घर के कमरे में प्राथमिक शाला लगाई जा रही है। बताया गया कि 4 साल पहले जब शाला भवन था उसे समय शाला में बच्चों की दर्ज संख्या 19 थी। जर्जर साल भवन को तोड़ दिया गया, अब शाला में 9 बच्चे बचे हैं। शासन द्वारा शासकीय शाला भवन तोड़ देने के बाद अब गांव में कोई भी शासकीय भवन नहीं है। परिणाम स्वरूप आंगनबाड़ी भी एक घर में चलाई जा रही है, जहां 15-16 बच्चे प्रतिदिन आते हैं। करीब ढाई सौ की आबादी



वाला ग्राम रामगढ़ भौगोलिक दृष्टि से अलग होने के कारण ग्रामीणों की पहुंच केवल सरपंच तक ही है।

### भवन न होने से सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियां भी ठप्प

बताया गया कि ग्राम रामगढ़ में कोई भी शासकीय भवन नहीं होने के कारण गांव में सभी प्रकार की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां नहीं हो पाती हैं। यहां तक की पारिवारिक कार्यक्रमों में भी ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सरपंच ने भी अनेक बार पत्र लिखकर शाला भवन शीघ्र बनाए जाने की बात कही है लेकिन शाला भवन नहीं बनाया गया है।

### इनका कहना है

हमने इंजीनियर से एस्टीमेट बनवा कर जिला कार्ययोजना में शाला भवन के निर्माण का प्लान प्रस्तुत किया है।

▸ **संगीता यादव,** बीआरसी सिवनी मालवा।

# 3 सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, दो घायल

**अनोखा तीर, सोहागपुर।**

क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। जिनमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई है, जबकि दो युवा घायल हो गए हैं। सोहागपुर थाने से जारी प्रेसनोट के अनुसार तीन सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है एवं दो व्यक्ति घायल हुए हैं। पहली घटना गुलौन गांव के समीप हुई। जिसमें एक बाईक पर सवार दो लोगों की एक कार की टक्कर से मृत्यु हो गई है। वहीं दूसरी घटना सोहागपुर के समीप हुई है, जिसमें एक व्यक्ति घायल है तथा एक की मृत्यु हो गई है। तीसरी घटना में एक बाइक सवार घायल हो गया है, जिसे नर्मदापुरम रेफर किया गया है।

### इस तरह हुई घटनाएं...

पहली घटना में अनिल पटेल निवासी बमौरी की रिपोर्ट अनुसार फरियादी के भांजे अरविंद पटेल तथा भतीजे राजकुमार पटेल का गुलौन मोड़ के पास बुधवार शाम एक्सीडेंट हो गया।

सूचना पर अनिल पटेल ने मौके पर पहुंचकर देखा कि अरविंद तथा राजकुमार सड़क पर पड़े थे। एक्सीडेंट करने वाली कार स्विफ्ट का चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग गया था। दोनों को सरकारी अस्पताल सोहागपुर लाया गया। जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। दूसरी घटना गुरुवार तड़के करीब चार बजे की है। कपिल पिता राकेश दीवान कुचबंदिया उम्र 37 वर्ष निवासी अंबेडकर वार्ड पिपरिया दोस्त के साथ बाबई से मोटरसाइकिल से गमी के कार्यक्रम के पश्चात लौट रहा था। इस दौरान सोहागपुर में सेंट पैट्रिक स्कूल एवं चीचली पुलिया के बीच एक्सीडेंट हो गया। जिसमें कपिल की मृत्यु हो गई, कपिल का साथी घायल है। तीसरी घटना में संदीप धुर्वे पिता गोपाल धुर्वे निवासी ग्राम छेड़का सोहागपुर उम्र 22 वर्ष बुधवार रात में सड़क दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल आया थे। अधिक चोट होने से उसे सोहागपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल नर्मदापुरम रैफर किया गया है।

### ● जिला चिकित्सालय में डे-केयर कैंसर केमोथेरेपी सेवाओं का किया

# एनएचएम भोपाल की टीम पहुंची नर्मदापुरम

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) भोपाल की टीम ने जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में संचालित डे-केयर कैंसर केमोथेरेपी सेवाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान टीम द्वारा अस्पताल में चल रहे कैंसर उपचार की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाइकल एवं लंग कैंसर के मरीजों को दी जा रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा उपचार की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता और रोगियों को मिल रहे लाभों पर चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता कामले के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में कैंसर मरीजों को निरंतर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उनका उद्देश्य है कि प्रत्येक कैंसर मरीज को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम का समुचित लाभ मिले, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार एवं सहायता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर डॉ. उदित भट्ट नोडल कैंसर अधिकारी, डॉ. गजेंद्र यादव आरएमओ, डॉ. सतीश तिवारी, नम्रता नर्सिंग अधिकारी, योगिता नर्सिंग अधिकारी, कंचन नर्सिंग अधिकारी तथा रोशनी प्रजापति उपस्थित रहीं।



### मदिरा के अवैध संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही जारी

**अनोखा तीर, खंडवा।** आबकारी विभाग के दल के द्वारा गुरूवार को खंडवा जिले के ग्राम अहमदपुर खेगॉव, अजंटी, गजवाड़ा, कालदा में दबिश देकर कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी विकास मंडलोई ने बताया कि इस कार्यवाही में कुल 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1200 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 7 प्रकरण कायम किए गए। जप्तशुदा मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 124500 रुपए है।

### मोतियाबिंद के 39 मरीजों को नि :शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा

**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में मरीजों की आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयनित 39 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेज दिया गया है।

### इटारसी-11 ने सेमीफाइनल में मारी एंट्री

# दशहरा मैदान पर क्रिकेट का रोमांच

**अनोखा तीर, बुदनी।**

युवा शक्ति कप सीजन-7 के दूसरे दिन क्रिकेट प्रेमियों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। दशहरा मैदान पर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन का पहला मुकाबला एमजी साईं भोपाल और कटनी के बीच खेला गया, जिसमें एमजी साईं भोपाल ने शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए निक्कू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके बाद दूसरा मुकाबला तेगांव मुलताई और इटारसी 11 के बीच खेला गया, जिसमें इटारसी 11 ने दमदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अंकित योद्धा रहे। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल रहा, जो एमजी साईं भोपाल और इटारसी 11 के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद इटारसी 11 ने मुकाबला अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए मयंक को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ इटारसी 11 टूर्नामेंट की दूसरी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम बन गई। युवा शक्ति टीम एवं बुदनी की जनता ने इटारसी 11 को सेमीफाइनल में पहुंचने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# चारों प्रकार के रेशम की डोर को मजबूती प्रदान करता प्रदेश का एकमात्र जिला नर्मदापुरम

### मलवरी, टसर, ईरी और मूंगा रेशम उत्पादन से प्रदेश में नर्मदापुरम जिले ने बनाया नया मुकाम

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले को राज्य में रेशम उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिले के रूप में जाना जाता है। जिले में चार प्रकार के रेशम- मलवरी, टसर, ईरी और मूंगा का उत्पादन होता है। जिले के अधीनस्थ 16 मलवरी रेशम केंद्र और 12 टसर रेशम केंद्र सक्रिय रूप से संचालित हैं, जिससे किसानों और स्थानीय महिलाओं को रोजगार एवं आय का महत्वपूर्ण स्रोत प्राप्त हो रहा है। मालाखेड़ी सिल्क कैंपस में फार्म से फेब्रिक तक उत्पादन गतिविधियां संचालित हैं। वर्ष 2025 में मालाखेड़ी केंद्र में 742 किलोग्राम मलवरी रेशम धागा उत्पादन हुआ, जिसमें 32 महिलाओं को 5.78 लाख रुपए की मजदूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 415 किलोग्राम धागे की ट्विस्टिंग में 10 महिलाओं को 2.50 लाख रुपए की मजदूरी दी गई।



शासकीय रेशम ककून मार्केट, मालाखेड़ी के माध्यम से 13,781 किलोग्राम ककून अन्य राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के व्यापारियों को उपलब्ध कराए गए, जिससे 51 लाख 99 हजार 038 रुपए की आय रेशम उत्पादक किसानों को प्राप्त हुई। इस प्रकार किसानों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि हुई है।



## वर्ष 2025 की मुख्य उपलब्धियां

मलवरी रेशम ककून उत्पादन -15,426.5 किलोग्राम, जिससे 255 हितग्राहियों को लाभ मिला है। इसी प्रकार टसर ककून उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 2.68 लाख किलोग्राम वृद्धि हुई है। इसके साथ ही मूंगा रेशम का उत्पादन पचमढ़ी रेशम केंद्र में 5 एकड़ क्षेत्र में पौधरोपण और 500 नग ककून उत्पादन हो रहा है। मलबरी पौधों का रोपण - 27,500 पौधे, जिससे भविष्य में ककून उत्पादन में और वृद्धि होगी। जिले की रेशम गतिविधियों से अब तक 45 महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। मालाखेड़ी सिल्क यूनिट ने 12 लाख रुपए मूल्य का मलवरी सिल्क यार्न मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, महेश्वर को प्रदाय किया है। इससे न केवल जिले का रेशम उद्योग पुनर्जीवित हुआ, बल्कि महेश्वर क्षेत्र में बुनकरों को रोजगार का अवसर भी प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन की सक्रिय पहल और रेशम केंद्रों के संचालन से नर्मदापुरम जिले का रेशम उद्योग निरंतर विकसित हो रहा है। जिले में मालाखेड़ी और पचमढ़ी में संचालित प्राकृत शोरूमों से वर्ष 2025 में 73.00 लाख रुपये का रेशम वस्त्र विक्रय हुआ। रेशम उत्पादकों के लिए फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना करना है। इसी के साथ सिल्क समग्र 2 योजना के लागू होने से रेशम क्षेत्र का विकास और किसानों को अधिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

# परिवर्तक अधिकारी ने किया आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों द्वारा विभिन्न संस्थाओं का नियमित (हुडी) का वितरण किया गया तथा तिल-लड्डू एवं ट्रॉफी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर अटल बाल पालक श्रीमती अमीना गोलम दास द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को वॉटर कैन



साप्ताहिक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला स्तर से उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र नेमा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रं 68, वार्ड 9, परियोजना इटारसी, सेक्टर-2 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मकर संक्रांति पर्व बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कविताएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें अधिकारियों एवं उपस्थित जनों द्वारा सराहा गया। बच्चों को 20 स्वेटर भेंट की गई। प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री दीप्ति शुक्ला ने बच्चों एवं अभिभावकों को मकर संक्रांति पर्व के महत्व के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी समझाइश दी। इसके अतिरिक्त शारीरिक माप दिवस के अंतर्गत बच्चों का वजन, लंबाई एवं ऊंचाई का सत्यापन किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री रेखा चौरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री उर्मिला ठक्कर तथा अभिभावक एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

## आभास दुबे को रवीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल अवॉर्ड से किया सम्मानित

**अनोखा तीर, खातेगांव।** स्थानीय पुष्पदीप इंटरनेशनल स्कूल को इंदौर में आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव के दौरान रवीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में नगर के पुष्पदीप विद्यालय के उत्कृष्ट कार्य, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण प्रणाली तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण




है। यह उपलब्धि विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, मेहनती विद्यार्थियों और सभी अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। पुष्पदीप इंटरनेशनल स्कूल खातेगांव के सर्वश्री आभास सुधीर दुबे को रवीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पुष्पदीप विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में मिले यह श्रेष्ठ पुरस्कार पर खातेगांव नगर व क्षेत्र में हर्ष है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को अनेक स्नेही जनों ने बधाई दी।

## मारुति वैन से 30 हजार की अवैध सागौन जब्त

**● सोमगढ़-कौडिया मार्ग पर हो रहा था अवैध सागौन परिवहन**

अनोखा तीर, बैतूल। वन विभाग द्वारा अवैध रुप से सागौन का परिवहन करते हुए कार्यवाही की है। परिक्षेत्र मुलताई अंतर्गत वृत्त प्रभात पट्टन में वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर 13 जनवरी की रात्रि करीब 11 बजे सोमगढ़ से कौडिया मार्ग पर सिल्वर रंग की मारुति वैन को रोका।



तलाशी के दौरान वाहन से सागौन के लट्ठे बरामद किए गए, जिनका परिवहन अवैध रूप से किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान कुल 5 नग सागौन लट्ठे जब्त किए गए, जिनकी मात्रा 0.364 घन मीटर आंकी गई है। जब्त सागौन की कीमत 29 हजार 559 रुपये बताई गई है। मौके पर ही वन विभाग द्वारा मारुति वैन सहित सागौन जब्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में आरोपी अशोक पिता देशोराव धोटे तथा मनोहर पिता मोतीराम बालापुरे को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी नितिन पवार, परिक्षेत्र सहायक हरि परिहार, वनरक्षक योगेश चौहान, प्रेमलाल टेकाम, संतोष उईके, राजेश रघुवंशी तथा संदीप पातुरकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों का अब फ्री में होगा इलाज

**● मेदांता फाउंडेशन और एनएचएम के बीच हुआ करार, 8 लाख से कम आय वाले होंगे पात्र**

**अनोखा तीर, भोपाल।** थकान, त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, सांस लेने में तकलीफ और पेट में सूजन थैलेसीमिया के लक्षण हैं। इसके MP में 2 हजार से अधिक रजिस्टर केस हैं। करीब 1800 मरीज नियमित रूप से ब्लड सेंटर्स जाकर ट्रांसफ्यूजन कराते हैं। सरकार ने पहली बार इस स्थिति को गंभीरता से लिया है। इसका जिलेवार डेटा जुटाया जा रहा है। मेदांता फाउंडेशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) ने फोटो-HLA टेस्ट से लेकर बोन मैरो ट्रांसप्लांट तक की सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराने की तैयारी कर ली है। इसके लिए हाल ही में एक स्न्न्ह भी किया गया है। मध्यप्रदेश में थैलेसीमिया के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन अधिकांश परिवारों को यह भी नहीं पता कि इलाज सिर्फ ब्लड ट्रांसफ्यूजन तक सीमित नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि थैलेसीमिया के रोगी यदि पात्र हों तो बोन मैरो ट्रांसप्लांट (BMT) के जरिए पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। अपना आगे का जीवन सामान्य रूप से जी सकता है। ह॥रूसे मिली जानकारी के अनुसार इलाज में देरी या लापरवाही से शरीर में आयरन ओवरलोड हो जाता है, जो हृदय, लिवर और एंडोक्राइन सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है।

**▶ एमपी सरकार जुटा रही जिला-वार डेटा :** थैलेसीमिया मामलों की सही तस्वीर सामने लाने के लिए सरकार ने जिला स्तर पर डेटा कलेक्शन शुरू किया है। लक्ष्य यह है कि कितने बच्चे ट्रांसफ्यूजन पर हैं, किस उम्र में बीमारी सामने आई, परिवार की आर्थिक स्थिति क्या है और कौन क्न्न्ह के लिए पात्र है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि जिलेवार आंकड़े मिलने पर हर बच्चे की मेडिकल-स्किल बेस्ड योजना बनाई जा सकेगी और समय रहते हस्तक्षेप किया जा सकेगा।

**▶ माता-पिता से बच्चों में आता है थैलेसीमिया :** थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है जो माता-पिता से बच्चों में आता है। इस बीमारी में शरीर में हीमोग्लोबिन सही मात्रा में नहीं बनता। परिणामस्वरूप शरीर में खून की कमी हो जाती है और मरीज को धीरे-धीरे रक्त चढ़ाना पड़ता है। डॉक्टर बताते हैं कि औषधि और ब्लड ट्रांसफ्यूजन से बीमारी नियंत्रित रखी जा सकती है, परंतु इसका पूर्ण इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट ही है। इसलिए जागरूकता, समय पर पहचान और सही उपचार महत्वपूर्ण है। प्रदेश के थैलेसीमिया बच्चों को निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुविधा देने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश और मेदांता फाउंडेशन नई दिल्ली के बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौते के अनुसार प्रथम चरण में इंदौर, उज्जैन और देवास जिले कवर होंगे। इसके बाद बच्चों और उनके भाई व बहनों की ॥रुटाइपिंग होगी, पात्रता की पुष्टि के बाद मरीजों को दिल्ली भेजा जाएगा और बोन मैरो ट्रांसप्लांट पूरी तरह मुफ्त होगा। इसके साथ ही आवाजाही और आवास का खर्च भी नहीं लगेगा। यह योजना कोल इंडिया थैलेसीमिया बाल सेवा योजना (TBSY) के तहत चलाई जा रही है।

**निष्पक्ष जांच न होने पर कोर्ट जाने की चेतावनी**

# बलराम तालाब जांच पर किसानों ने उठाए सवाल



**अनोखा तीर, देवास।** जिले के किसानों ने बलराम तालाब निर्माण योजना के अंतर्गत की जा रही वर्तमान जांच प्रक्रिया को दोषपूर्ण बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही पुरानी और त्रुटिपूर्ण जांच पद्धति के कारण सैकड़ों वास्तविक तालाबों को कागज़ों में अस्तित्वहीन घोषित कर दिया गया, जिसके चलते किसानों पर झूठे प्रकरण एवं एफआईआर दर्ज कर दी गई है। ग्रामीण किसान धर्मेंद्र, देवकरण, सुनील एवं रामदेव ने कहा कि वर्ष 2015-16 में की गई जांच में हितग्राही किसानों को शामिल नहीं किया गया। जबकि विभागीय नियमों के अनुसार तालाब निर्माण का दायित्व स्वयं किसान पर था। कई किसानों ने स्वीकृत सर्वे नंबर के स्थान पर अपनी ही अन्य निजी भूमि पर तालाब का निर्माण किया, जिसकी जानकारी विभाग को नहीं दी गई। भौतिक सत्यापन के अभाव में टोंकखुर्द, देवास एवं सोनकच्छ क्षेत्रों के कुल 361 तालाबों को कागज़ों में गायब दर्शा दिया गया। इस मामले में जनसुनवाई में जिला कलेक्टर एवं विधायक ज्ञापन दिया गया है। किसानों का आरोप है कि इसी त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट के आधार पर भोपाल स्थित आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा किसानों के विरुद्ध निराधार प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिससे वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि अक्टूबर-नवंबर 2025 से शुरू की गई वर्तमान जांच भी पुराने एवं असफल पूर्व पद्धति से निराधार, बेबुनियाद हां-नहीं पंचनामा फॉर्मेट पर आधारित है, जिसमें न तो वास्तविक स्थल का समुचित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही किसानों के कथन दर्ज किए जा रहे हैं। इस गंभीर विषय को लेकर किसान प्रतिनिधियों ने 25 दिसंबर 2025 को भोपाल में उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला देवास को आवेदन सौंपा था। वहीं 23 नवंबर 2025 एवं 13 जनवरी को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) टोंकखुर्द को जनसुनवाई के दौरान भी ज्ञापन दिया गया था। किसानों ने पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच के लिए प्रशासन से निम्न तीन बिंदुओं पर जांच की मांग की है। तालाब का प्रत्यक्ष स्थल पर भौतिक निरीक्षण किया जाए। तालाब निर्माण करने वाले हितग्राही किसान के कथन दर्ज किए जाएं। तालाब की वास्तविक स्थिति का सही एवं निष्पक्ष भौतिक सत्यापन किया जाए। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि उनकी मांगों के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं की गई तथा झूठे प्रकरण वापस नहीं लिए गए, तो वे सामूहिक रूप से शपथ पत्र सहित न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होंगे।



## कचरा प्लांट बना ज़हरीली गैस का स्रोत

**● गौवंश और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा**

**अनोखा तीर, देवास।** हिन्दू युवावाहिनी के गौ प्रकोष्ठ द्वारा उठाए गए एक गंभीर मुद्दे ने प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया है। गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दशरथ सिंह एवं पुष्पराज पटेल तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पा चौहान द्वारा हाल ही में इंदौर जिले की सांवेर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भांग्या स्थित कचरा प्लांट का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि कचरा प्लांट परिसर में गायें खुले कचरे का सेवन कर रही हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस अमानवीय और अव्यवस्थित स्थिति को लेकर संगठन द्वारा संबंधित पंचायत और प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई गई। संगठन का आरोप है कि लेकिन मुद्दे के समाधान के बजाय, निरीक्षण के अगले ही दिन पंचायत द्वारा पूरे कचरे में आग लगा दी गई। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि कचरा जलाने से निकलने वाला यह जहरीला धुआं आसपास विचरण करने वाली गौ माताओं के लिए भी अत्यंत घातक साबित हो रहा है। गौवंश न केवल प्रदूषित वातावरण में सांस लेने को मजबूर हैं, बल्कि पहले से ही कचरे के सेवन के कारण बीमारियों की चपेट में हैं। ग्रामीणों और हिन्दू युवावाहिनी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन और शासन इस गंभीर समस्या की ओर आंखें मूंदे बैठा है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दशरथ सिंह जाट ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो हिन्दू युवावाहिनी द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

# पतंग पर लिखा एक पेड़ मां के नाम का संदेश और फिर उड़ाई पतंग



**अनोखा तीर, सतवास।** स्थानीय सांदीपनि शासकीय उमा विद्यालय के परिसर में पतंग उत्सव मनाया गया। संकुल प्राचार्य आशा जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सतवास के तहसीलदार हरिओम ठाकुर ने छात्र-छात्राओं के साथ पतंग उड़ाई और अपने उदबोधन् में कहा कि, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि पतंग पर एक पेड़ मां के नाम का संदेश लिखा है। दूर गगन में ज़ब यह पतंग जाएगी तो यह सबको पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगी, हमें जीवन भर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना, ज़ब वायु, जल, वन सुरक्षित रहेंगे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। इसी के साथ उन्होंने आनंद क्लब सतवास के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आनंद उत्सव का कार्यक्रम हमें एक नई ऊर्जा और ताजगी प्रदान करता है, जिससे हमें अपने कार्य में लगन और उत्साह मिलता है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि पतंग सावधानी पूर्वक उड़ाई जाए, प्लास्टिक कि पतंग और मांझे का उपयोग बिलकुल भी नहीं किया जाए। मांझे के कारण लोगों की जान चली जाती है, मांजे का उपयोग बिलकुल भी नहीं करें, मांझे का उपयोग करना कानूनन अपराध है, खूब आनंद से रहे और खूब पढ़ाई करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांस्कृतिक शिक्षक, आनंदक, और गीतकार मनोज दुबे ने अपने स्वररचित गीत एक पेड़ मां के नाम का समूहगान भी करवाया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से नरेंद्र यादव, विद्यालय से रेवाराम हरियाले, जितेंद्र कटारा, अशोक शर्मा, मकबूल खां, सुभाष मान्धन्या, दीपिका जोशी, गणेश धूर्वे, हीरालाल बर्मन, अल्केश राठौर, पंकज बैरागी, चिंतामनी बैरागी, प्रदीप गोयल, प्रदीप यादव, माया उपाध्याय, मनोज राठौर, सुदामा यादव, हाशिम, राहुल पचार, अहिरवार, ओम प्रकाश सांवले, सावित्री चावरे, रामदीन ठाकुर आदि सहित समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

**● पुरानी पेंशन बहाली से लेकर ई-अटेंडेंस पर रोक तक, कर्मचारियों ने उठाई लंबित समस्याएं**

## मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, देवास।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश (राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ से सम्बद्ध) के नेतृत्व में मान्यता प्राप्त सभी संगठनों ने शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर गुरूवार को मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर विशाखा देशमुख को सौंपा। मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत एवं पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारी वर्ग लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रतीक्षारत है, किंतु अब तक संतोषजनक समाधान नहीं हो सका है।



इस कारण कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में कुल 11 सूत्रीय मांगें प्रमुख रूप से रखी गई, जिनमें पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करना, ई-अटेंडेंस प्रणाली पर तत्काल रोक, केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता एवं राहत, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का पूर्ण लाभ, नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से 100 प्रतिशत वेतन एवं एरियर्स का भुगतान शामिल है। इसके साथ ही शिक्षा एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान वेतनमान, दैनिक वेतन एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, समस्त संवर्ग की पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति व चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ एवं अन्य देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। वहीं वर्ष 1997 से नियुक्त गुरुजी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देते हुए समस्त देय सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से उठाई गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि ये सभी मांगें पूरी तरह से न्यायोचित, कर्मचारी हितैषी एवं शासन की कार्यक्षमता बढ़ाने वाली हैं। यदि शासन द्वारा इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाता है, तो कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और कार्य संस्कृति और अधिक सुदृढ़ होगी। कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया है। इस दौरान मुख्य रूप जगदीश तंवर, रा.क. मंडी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश चौधरी, रामस्वरूप कहार, अभिजीत बैस, जगदीश कुमार, बाबूलाल मालवीय, अभिता डेविड, राखी सेन, समा चौहान, जितेन्द्र मेहता, जागृति गुप्ता, सतीष शर्मा, सत्यनारायण वर्मा, हीरामणि पटेल, सरस्वती गोयल, राजेन्द्र टांडी, ममता नायडे, जगदीश मंगरोला, गोरधन माली, समंदरसिंह बैस, मोहनसिंह रघुवंशी, चंदरसिंह कुशवाह, वाहन चालक संघ अध्यक्ष महेन्द्रसिंह तोमर, कमलेश अवस्थी, कृष्णपाल सिंह सोलंकी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद थे।



## एनएसयूआई ने जेएच कॉलेज में किया पौधारोपण

**अनोखा तीर, बैतूल।**

एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत एनएसयूआई द्वारा शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे एवं जिलाध्यक्ष जैद खान के निर्देशानुसार जिला उपाध्यक्ष निलेश धुर्वे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान की शुरुआत विगत कुछ दिनों पूर्व विदिशा में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में की गई थी, जिसे पूरे मध्य प्रदेश में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा प्रारंभ कराया गया। यह अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक लगातार चला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष निलेश धुर्वे ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है, जंगलों को नष्ट किया जा रहा है और कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। पर्यावरण विनाश के कारण आने वाली पीढ़ी का भविष्य संकट में पड़ता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए तत्परता से कार्य करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से एनएसयूआई द्वारा एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान चलाया गया, ताकि पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचे और आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा हो सके। पौधारोपण कार्यक्रम में कॉलेज की एनएसयूआई कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण रामकुमार नागवंशी, सुमित आकोले, खुशी उईके, यश साहू, राजा मेहरा, विशाखा पवार, दुर्गेश धुर्वे, चारू गव्हाड़े, प्रवीण राकसे सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया और पौधों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

## विद्यार्थियों ने किया उच्च शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** क्षेत्र के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में सत्र 2025-26 में अध्यनरत विद्यार्थियों ने उच्च शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया। बताया गया कि राज्य के अंतर्गत उच्च शैक्षणिक संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट भोपाल एवं नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर फैशन टेक्नोलॉजी भोपाल का 137 छात्र-छात्राओं ने सहायक संचालक शिक्षा योगेश मनोहरे तथा नोडल




अधिकारी सुरेंद्र कुमार पाटिल के मार्गदर्शन में भ्रमण किया। इसमें संस्था के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का चयन सत्र में सर्वाधिक उपस्थित कक्षा दसवीं में मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भ्रमण के लिए पात्र पाया गया है नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी भारत का अग्रणी फैशन शिक्षा डिजाइन प्रबंधन और प्रौद्योगिकी संस्थान बैरागढ़ भोपाल में छात्र-छात्राओं ने भ्रमण कर निफ्टी की प्रवेश प्रक्रिया, शिक्षक कोर्स एवं डिग्री संबंधी जानकारी लेते हुए विभिन्न प्रकार की सामग्री जो डिजाइन की जाती है उसे देखा और समझा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाड़ा की छात्रा टीना कुशवाहा द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है।

# भाजपा में जनसंघ के कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है : पटेरिया

**अटल कार्यकर्ता सम्मान यात्रा अंतर्गत वरिष्ठ जनसंघ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान**

**अनोखा तीर, देवास।** भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर संगठन के विभिन्न दायित्वों को समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आपकी दशकों



की अनवरत् यात्रा संगठन की निष्काम भाव से सेवा के लिए धीरज पटेरिया की उपस्थिति में अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अटल कार्यकर्ता सम्मान यात्रा के अंतर्गत जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामसुंदर अग्रवाल एवं हाटपीपल्या पूर्व विधायक तेजसिंह सेंधव के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के अनेक वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे और संगठन के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में श्री पटेरिया ने कहा कि भाजपा के जनसंघ के कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है। उनके मार्गदर्शन में ही पार्टी आगे बढ़ रही है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, इंद्र सिंह ठाकुर, रायसिंह सेंधव जिलाध्यक्ष भाजपा देवास, अनिल झंवर जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा देवास विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही अखिलेश चौहान, ईश्वर सिंह सोलंकी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, रामेश्वर धाकड़, सुभाष अग्रवाल, विमल शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी पर लोकतंत्र सेनानी पैठणकर को भेंट किया रजत पत्र



**अनोखा तीर, देवास।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यालय मंत्री रामेश्वर धाकड़ ने बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष धीरज पटेरिया ने शहर में जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा आपातकाल के बंदी लोकतंत्र सेनानियों का शाल-श्रीफल एवं रजत पत्र के साथ अभिनंदन किया गया। इसी कड़ी में देवास निवासी लोकतंत्र सेनानी जनार्दन पैठणकर एडवोकेट का उनके निवास लक्ष्मीपुरा पहुंचकर पुष्पमाला से स्वागत कर रजत पत्र भेंट किया गया। श्री पटेरिया के साथ लोकतंत्र सेनानी जिलाध्यक्ष इंदरसिंह ठाकुर, अनिल झंवर, ईश्वर सिंह बरखेड़ी सहित भाजपा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी रामेश्वर धाकड़ ने दी।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल, म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### जिले की पलक और प्रिंसी उइके का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में चयन

**अनोखा तीर, हरदा।** खो-खो ग्राउंड से पलक उइके और प्रिंसी उइके का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। खो-खो कल्याण संघ के संयुक्त सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि ओपन 58वीं राष्ट्रीय सीनियर नेशनल खो-खो प्रतियोगिता तेलंगाना के काजीपेट में संपन्न हो रही है, जिसमें हरदा जिले की पलक उइके का राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ है। इसी प्रकार अंडर-14 शालेय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता राजस्थान के टेकरी में आयोजित होने जा रही है, जिसमें हरदा जिले से प्रिंसी उइके का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कोच मोनिका मेहता ने बताया कि दोनों खिलाड़ी प्रतिदिन स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हैं, जिसका परिणाम यह रहा कि उनका चयन राष्ट्रीय टीम में हुआ। इस उपलब्धि पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक संजय शाह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी रामनिवास जाट, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी उमा पटेल हरदा, सलमा खान, बसंत राजपूत, राजेश त्रिपाठी, आनंद तिवारी, विक्रांत अग्रवाल, भाजपा महामंत्री राजेश गोदारा, मनीष निसाद, सचिन बड़खडे, दर्शन खोरे, नितिन रामकूचे, संदीप जोशी, संदीप सांखला, नारायण उइके, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, सौरभ तिवारी, संदीप सौदे, पुरुषोत्तम, नीरज लाठी, सुनील, अमित चार, दीपेश बिश्नोई, निखिल चंद्रवंशी, हेमलता, पूजा बिश्नोई, अंकित पुरोहित, अभिषेक राजपूत सहित हरदा जिले के समस्त खिलाड़ियों एवं कोचों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।





### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, इलाज दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में ९ जनवरी को एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का गंभीर मामला महिला थाने में दर्ज हुआ था। पीड़िता की हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था और आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब चूंकि नाबालिग बालिका की मौत हो गई है तो पुलिस आरोपी के खिलाफ धाराओं में बढ़ोतरी करेगी। सूत्रों से ज्ञात हुआ कि नाबालिग बालिका मात्र १४ साल की थी, आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद वह गर्भवति हो गई थी। गर्भ गिराने के लिए आरोपी द्वारा बड़ी मात्रा में गर्भ गिराने वाली गोलियां खिलाई थी, जिसके कारण नाबालिग की तबियत अत्यधिक बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पुलिस अधीक्षक ने मध्यरात्रि में जिले के थानों का किया औचक निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** पुलिस अधीक्षक शशांक द्वारा मध्यरात्रि में थाना सिविल लाइन, छीपाबड़, रहटगांव एवं सिराली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन ड्यूटी, गश्त व्यवस्था, थाना परिसर की सुरक्षा, कार्यालयीन कार्यप्रणाली, अभिलेखों का संधारण, मालखाना, हवालात तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का गहन अवलोकन किया



गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा की समीक्षा की गई। उन्होंने थानों में दर्ज अपराधों, लंबित विवेचनाओं एवं प्राप्त शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से शालीन व्यवहार, त्वरित कार्यवाही एवं संवेदनशील पुलिसिंग पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी संधारित करने वाले आगंतुक रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। मध्यरात्रि में किए गए इस औचक निरीक्षण से थाना स्तर पर अनुशासन, सतर्कता एवं कार्यकुशलता को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

सेवा के अद्भुत 9 वर्ष...

# गरीबों, बेसहाराओं और भिक्षुकों को निःशुल्क भोजन कराने की पहल






**अनोखा तीर, खिरकिया।**

प्यासे को पानी और भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। जहां बेसहारा और निराश्रित लोगों को दो वक्त की रोटी के लिए भटकना पड़ता था, वहीं खिरकिया नगर में वर्षों से उन्हें सम्मानपूर्वक निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए समाजसेवी स्वयं भोजनशाला संचालित कर रहे हैं, जहां कोई भी गरीब और निराश्रित व्यक्ति पहुंचकर निःशुल्क भोजन कर सकता है। पूर्व विधायक स्व. बद्रीनारायण अग्रवाल के सुपुत्र, सेवाभावी समाजसेवी एवं सराफा व्यवसायी प्रवीण अग्रवाल द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल को 9 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और यह सेवा अनवरत जारी है। खिरकिया नगर में संचालित अन्नपूर्णा निःशुल्क भोजनशाला के माध्यम से उन्होंने सेवाभावना का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने व्यवसायिक दायित्वों के साथ-साथ वे निरंतर इस सेवा कार्य को निभा रहे हैं।

**9 वर्षों से संचालित अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला** – बेसहारा लोगों, गरीबों और भिक्षावृत्ति करने वालों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नौ वर्ष पूर्व इस पहल की शुरुआत की गई थी। नवदुर्गा सांस्कृतिक कला केंद्र के बैनर तले अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला प्रारंभ की गई, जहां भिक्षुकों के साथ-साथ गरीबों, नि:शक्तजनों और बेसहाराओं को नि:शुल्क भोजन मिलने लगा। वर्ष 2017 में मकर संक्रांति के दिन शुरू हुआ यह मिशन वर्तमान में भी निरंतर गतिमान है। समय के साथ इस पुनीत कार्य में शहर के अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्थाएं भी सामर्थ्यनुसार सहभागिता निभा रहे हैं।

**सेवाभावना का केंद्र बनी भोजनशाला–** अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला अब सेवाभावना का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। नागरिक अपने परिजनों के जन्मदिवस, पुण्य स्मृति दिवस, गुरुदेव की जयंती अथवा पुण्यतिथि पर यहां पहुंचकर गरीबों को भोजन कराते हैं तथा भोजन का व्यय भी स्वयं वहन करते हैं। इससे समाज में सेवाभावना और मानवीय संवेदनाएं सुदृढ़ हो रही हैं।

**प्रदेश में तीन अन्य स्थानों पर भी संचालित आश्रम और भोजनशालाएं** – खिरकिया के अलावा प्रवीण (राजू) अग्रवाल द्वारा प्रदेश में तीन अन्य स्थानों पर भी नि:शुल्क भोजनशाला एवं आश्रम संचालित किए जा रहे हैं। रत्ना गांव, अमरकंटक और डिंडोरी के बीच हाईवे पर दक्षिण तट पर मां नर्मदा सेवा आश्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त टाट पाथर, जिला अनूपपुर में उत्तर तट पर भी आश्रम का संचालन किया जा रहा है, जहां नर्मदा परिक्रमावासी विश्राम करते हैं और उन्हें नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यहां साधु-संतों का भी आगमन होता है।

### जब भी समय मिले, दूसरों का भला करना चाहिए: प्रवीण अग्रवाल

अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला के प्रणेता प्रवीण (राजू) अग्रवाल का कहना है कि जब भी समय और सामर्थ्य मिले, दूसरों का भला करना चाहिए। परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मानव जीवन दूसरों के हित के लिए है और यही गुण मनुष्य को मनुष्यता का पाठ पढ़ाता है। परोपकार से परमार्थ प्राप्त होता है और यही पुण्य परलोक में धन बनता है। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने बारे में नहीं, बल्कि समाज और मानवता के हित में भी सोचना चाहिए। विशाल हृदय वाले के लिए पूरी पृथ्वी ही उसका परिवार होती है, और परोपकार मनुष्य का श्रेष्ठ गुण है।

### हरदा की बेटी एकता गुर्जर ने ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया जिले का मान

**अनोखा तीर, हरदा।**

ऑल इंडिया बार परीक्षा में हरदा की बेटी एकता गुर्जर ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में देशभर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया था,



जिसमें एकता गुर्जर ने भी परीक्षा देकर सफलता अर्जित की। परीक्षा उत्तीर्ण कर एडवोकेट की डिग्री हासिल करने पर परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर पिता माणकचंद गुर्जर, भाई देवाशीष गुर्जर सहित परिजनों एवं स्नेहीजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जिले में उर्वरक वितरण के लिए 'ई-विकास प्रणाली' का शुभारंभ

**अनोखा तीर, हरदा।**

मध्य प्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं जिला प्रशासन हरदा के निर्देशन में गुरूवार से जिले में उर्वरक आपूर्ति को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए 'ई-विकास प्रणाली' (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) व्यवस्था लागू कर दी गई है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस नई व्यवस्था के माध्यम से अब किसान भाई बिना किसी परेशानी के अपने मोबाइल से ही उर्वरक के लिए ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होने बताया कि किसान भाई गूगल पर या सीधे लिंक पर जाकर इस ई-टोकन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पोर्टल पर लॉगिन करने के लिए किसानों को अपना आधार नंबर दर्ज करना होगा, जिसके बाद उनके मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से वेरिफिकेशन होगा। लॉगिन करने के बाद पोर्टल 'एग्री स्टैक' (फार्मर आई.डी.) के जरिए किसान की कृषि भूमि का विवरण स्वतः अपडेट कर लेगा।

**पहले दिन 45 किसानों के ई-टोकन जारी हुए–** योजना के लागू होने के पहले ही दिन गुरूवार को जिले के 45 किसानों ने ई-टोकन जारी किए। इनमें से 16 किसानों ने गुरुवार को ई-विकास प्रणाली व्यवस्था अंतर्गत ई-टोकन जारी कर डी.ए.पी., एम.ओ.पी., एसएसपी और एनपीके जैसे उर्वरक क्रय किए।

**विधायक आशीष शर्मा का जन्मदिन**

# कार्यकर्ताओं ने सेवा दिवस के रूप में मनाया





**अनोखा तीर, खातेगांव।**

क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक आशीष शर्मा का जन्म दिवस गुरुवार को खातेगांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। भारतीय जनता पार्टी मंडल खातेगांव के अध्यक्ष ललित गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी को हमारे विधायक आशीष शर्मा का जन्म दिवस हम सभी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में सेवा कार्य कर मनाया। हमारे द्वारा खातेगांव मंडल के प्रत्येक बूथ केंद्र पर वृक्षारोपण किया गया एवं देवालय पर स्वच्छता अभियान एवं भजन कीर्तन किया गया।

इसके साथ ही खातेगांव बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में 551 हनुमान चालीसा का पाठ कर विधायक शर्मा की यशस्वी एवं दीर्घायु की कामना की गई। श्री गुर्जर ने बताया कि इसके साथ ही सुबह सीनियर बालिका छात्रावास खातेगांव में लेखन सामग्री का वितरण, संदलपुर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में लेखन सामग्री एवं फल वितरण, खातेगांव कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में लेखन सामग्री



वितरण एवं वन विभाग परिसर में वृक्षारोपण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खातेगांव में मरीजों को फल वितरण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अंत में नेमावर सिद्धनाथ घाट पर स्वच्छता अभियान एवं दीपदान कर सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि विधायक आशीष शर्मा एक सच्चे जन सेवाक हैं। ऐसे जनसेवक का जन्म दिवस हम कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ सेवा कार्य कर मनाया। विधायक आशीष शर्मा जैसे नेता बहुत ही वीरले होते हैं, उनके अंदर अद्भुत कार्य करने की क्षमता है। एक ऐसा व्यक्ति जो सतत अपने कार्यकर्ताओं के बीच में रहता है, उनके सुख-दुख में सहभागी बनता है। दिन से लेकर रात तक क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता एवं आमजन की समस्याओं के संबंध में आने वाले फोन कॉल को रिसीव करना एवं उनको संतोषजनक जवाब देना और उनकी समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश अपनी तरफ से करने का प्रयास करना, ऐसे जनसेवक विधायक आशीष शर्मा का जन्मदिन सभी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का दिन है। श्री गुर्जर ने बताया कि हमने आज गुरुवार को खातेगांव मंडल की सभी बालिका छात्रावास में ऐसी छात्राओं का जन्मदिन भी मनाया, जिनका जन्मदिन आज था। उन बालिकाओं के चेहरों की मुस्कान इस बात का प्रमाण थी कि विधायक आशीष शर्मा के प्रति क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या जवान सबका असीम प्यार है। सभी ने जन्म दिवस के अवसर पर ईश्वर से यही कामना की कि हमारे लोकप्रिय विधायक आशीष शर्मा को ईश्वर दीर्घआयु दे, उत्तम स्वास्थ्य दे और वह ऐसे ही क्षेत्र की सेवा करते रहें। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित गुर्जर, विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र राजावत, संयोजक डॉ. आरएन यादव, दिनेश राबडीया, राजेश गोस्वामी, बलराम थोरी, सतीश मित्तल, विनोद कुमरे, दीपक पटेल, राकेश पवार, अजय बिश्नोई, अखिलेश खोजा, मनोज बैरागी, रामसिंह यादव, पुरुषोत्तम व्यास, कैलाश सादु, विजय गर्ग, मुकेश गिरी, राजेश परते, गोविंद गोरा, हीरालाल गहलोद, शैलेश यादव, उमेश गुर्जर, ललित वर्मा, सुभाष साहू, ललित विश्नोई, योगेश खंडेलवाल, शेखर अग्रवाल, कमल कासलीवाल, दीपक जाधव, जय अग्रवाल सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पेंशनर्स अपने सेवाकाल के उल्लेखनीय अनुभव शेयर करें**

# कोई भी समस्या हो तो अवगत कराएं : कलेक्टर




**अनोखा तीर, हरदा।**

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स अपने सेवाकाल के उल्लेखनीय अनुभव जरूर शेयर करें। जिला प्रशासन उनके कल्याण के लिए सदैव तत्पर है।

उनको किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह भी अवगत कराएं, जिसका संवेदनशीलता से निराकरण किया जाएगा। गुरूवार को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने सभी पेंशनर्स के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर उन्होने 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेंशनर्स एवं एसोसिएशन में शामिल नये पेंशनर्स का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला पेंशन अधिकारी रूमसिंह डूडवे सहित पेंशनर्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी आर.बी. सगर, जिला अध्यक्ष पीसी पोर्ते, संभागीय अध्यक्ष जीआर गौर, प्रांतीय अध्यक्ष ओपी. मुकाती व बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद थे।

### प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी

**अनोखा तीर, हरदा।**

राज्य शिक्षा केन्द्र, ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, किन्तु तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 26 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

# ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स संपन्न



**अनोखा तीर, हरदा।**

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय खेलो मप्र यूथ गेम्स का आयोजन नेहरू स्टेडियम हरदा में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला ब्लड बैंक चिकित्सालय हरदा की अधिकारी सुश्री दिव्या यादव एवं स्वास्थ विभाग से सुश्री रानी राठौर व खो खो संघ के सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, पिट्ठ व योगासन खेलो का आयोजन कर संबंधित खेल संघ के पदाधिकारी द्वारा



खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सुश्री खान ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खो खो बालिका वर्ग में प्रथम स्थान दा फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा, दूसरा स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा व तीसरा स्थान जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा, दूसरा स्थान जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा, तीसरा स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा ने प्राप्त किया। बॉलीबॉल बालक वर्ग में प्रथम स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल व दूसरा स्थान जोनर एजुकेशन स्कूल हरदा, पिट्ठू बालक वर्ग प्रथम स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा व दूसरा स्थान जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा, पिट्ठू बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खो खो कल्याण संघ हरदा व दूसरा स्थान हैप्पी क्लब हरदा, रस्साकसी बालिका वर्ग प्रथम स्थान खो खो कल्याण संघ हरदा व दूसरा स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा, बालक वर्ग प्रथम स्थान सनफ्लावर स्कूल हरदा व दूसरा स्थान उत्कृट विद्यालय हरदा ने प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग प्रथम स्थान सोनखेड़ी व दूसरा स्थान शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल मसनगांव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंस तिवारी, 200 मीटर में प्रथम स्थान रितेश कलम नयापुरा, 400 मीटर में प्रथम स्थान बसंत माणिक, 800 मीटर प्रथम स्थान आयुष कचौला, गोला फेंक में प्रथम स्थान समर्थ सोलंकी, भाला फेंक में प्रथम स्थान रितेश कलम, ऊंची कूद में प्रथम स्थान राकेश कलम तथा लंबी कूद में प्रथम स्थान बसंत माणिक ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता भूपेंद्र सिंह तोमर, मोनिका मेहता, मालती कर्मा, वैशाली मंडलेकार, सीताराम जाट, दर्शन खोरे, दीक्षा श्रीवास, तनिष्क मालवीय ने संपन्न कराई।